Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 67 | रविवार, 09 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नोएडा में बोले सीएम योगी

# 'अकबर हो या औरंगजेब, सबकी मानसिकता एक सनातन परंपरा को रौंदने में तमाम षड्यंत्र रचे'

**नई दिल्ली।**



महाराणा सांगा के बाद एक समय ऐसा आया जब महाराणा प्रताप को राजगद्दी मिली

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर छिड़ी देशव्यापी बहस के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं ईरान तक पहुंच चुकी थीं, महाराणा सांगा के बाद एक समय ऐसा आया जब महाराणा प्रताप को राजगद्दी मिली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के दादरी क्षेत्र में एनटीपीसी परिसर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा का अनावरण करते हुए सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र के प्रति समर्पित होना कैसा होता है, यह महाराणा प्रताप के व्यक्तित्व से सीखना चाहिए। महाराणा प्रताप, जो मेवाड़ राज्य के शासक थे, मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व करने के लिए जाने जाते हैं। मुगल शासक औरंगजेब को लेकर छिड़ी देशव्यापी बहस के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं ईरान तक पहुंच चुकी थीं, महाराणा सांगा के बाद एक समय ऐसा आया जब महाराणा प्रताप को राजगद्दी मिली। उन्हें चित्तौड़गढ़ छोड़ना पड़ा, लेकिन पहला युद्ध उन्हें महज 28 साल की उम्र में लड़ना पड़ा। महाराणा प्रताप ने दूसरा युद्ध 36 साल की उम्र में लड़ा। वे हल्दीघाटी में लगातार युद्ध लड़ते रहे, अकबर की लाखों की सेना को मारते-काटते रहे।

यूपी सीएम ने कहा, ₹नायक अकबर नहीं महाराणा हैं, उन्होंने औरंगजेब को घुटने टेकने पर मजबूर किया और घुट-घुट कर मरने पर मजबूर किया। सनातन धर्म को नष्ट करने की साजिश करने वाले भारत के नायक नहीं हो सकते।₹ उन्होंने कहा, ह्लअकबर हो या औरंगजेब, हिन्दुओं के प्रति सबकी मानसिकता एक ही थी।ह्व मुख्यमंत्री ने कहा,हमारे आदर्श और राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप, वीर शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज हैं, ना कि अकबर या औरंगजेब।ह्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लअकबर कभी नायक नहीं हो सकता। इन्होंने भारत की सनातन परंपरा को रौंदने के लिए तमाम षड्यंत्र रचे। इसके विपरीत, महाराणा प्रताप ने अपने बलिदान से सनातन संस्कृति की रक्षा की।ह्व योगी ने छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह का भी बार-बार उल्लेख किया और कहा कि ह्लये राष्ट्रनायक हमारी प्रेरणा हैं। मुख्यमंत्री ने राणा सांगा की वीरता का भी जिक्र किया। योगी ने जनसभा स्थल से ही गौतमबुद्ध नगर के लिए 1,467 करोड़ रुपये की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप के जीवन और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वदेश और स्वधर्म के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

## रोहित-विराट के सिर सजेगा एक और ताज या न्यूजीलैंड फिर देगा भारत को गहरा जख्म

**दुबई।**



कुछ कुछ होता है रोहित-विराट, तुम नहीं समझोगे..भारतीय टीम रविवार को जब न्यूजीलैंड के विरुद्ध चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरेगी तो भारतीय प्रशंसकों को ये तो उम्मीद होगी ही कि कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली हमें ट्रॉफी जिताएं, साथ ही उनके प्रशंसक उम्मीद कर रहे होंगे कि ये दोनों अभी और क्रिकेट खेलें।

हालांकि भविष्य के गर्भ में क्या छुपा है ये तो फाइनल के बाद ही पता चलेगा लेकिन जिस तरह शुक्रवार और शनिवार को टीम के अभ्यास सत्र और उप कप्तान शुभमन गिल की प्रेस कांफ्रेंस में चीजें घटित हुईं उससे लग रहा है कि कुछ तो होगा ही। क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली इस मैच के बाद भी खेलेंगे को लेकर चर्चा आम है, लेकिन इस बीच शुक्रवार और शनिवार को जो हुआ उस पर गौर करना जरूरी है।

यह भी पढ़ें- कठऊ ५२ ठेः भारत की जीत पक्की है ! विराट कोहली के बचपन के कोच ने कर दी भविष्यवाणी, कारण भी बताया शुक्रवार की शाम को आईसीसी क्रिकेट अकादमी में भारतीय टीम के अभ्यास सत्र के दौरान एक तरफ मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर बातचीत कर रहे थे तो उनसे कुछ मीटर की दूरी पर कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली करीब 15 मिनट तक चर्चा करते रहे। ये चर्चा निश्चित तौर पर फाइनल मैच को लेकर तो नहीं थी। इसके बाद विराट अभ्यास करके मैदान से बाहर चले गए और रोहित जाकर गंभीर व अगरकर से बात करने लगे।

बात यहीं खत्म नहीं हुई। शनिवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फील्डिंग अभ्यास सत्र में रोहित और गंभीर पिच देखने गए। उसके बाद विराट भी उनके पास पहुंच गए। 17 मिनट तक तीनों के बीच में बातचीत होती रही। पहले गंभीर कुछ बोले, फिर रोहित और बाद में विराट। ऐसा लग रहा था कि रोहित और विराट एकमत हैं और गंभीर की कुछ अलग राय है। इस चर्चा ने 2023-24 के दक्षिण अफ्रीका दौरे की याद दिला दी जब केपटाउन में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और विराट अभ्यास सत्र के दौरान एक किनारे जाकर आधे घंटे से ज्यादा बतियाते नजर आए थे। उसके बाद ही अफगानिस्तान के विरुद्ध टी20 और 2024 टी-20 विश्व कप की टीम का चयन होना था।

## ट्रंप की टैरिफ नीति और कर्मचारियों में कटौती से अमेरिका में बढ़ रही चिंताएं

**वाशिंगटन।**




राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति, सरकारी छंटनी और खर्च रोकने की हड़बड़ी से इस बात की चिंता बढ़ रही है कि वह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को ठीक करने के बजाय अपने कार्यों से उसे नुकसान अधिक पहुंचा रहे हैं। श्रम बाजार 4.1 प्रतिशत बेरोजगारी दर व फरवरी में 1,51,000 नौकरियों के साथ ठीक बना हुआ है और ट्रंप एपल व ताइवान की सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग कंपनी द्वारा निवेश के संकल्पों से यह दिखा रहे हैं कि वह सही कर रहे हैं। लेकिन शुक्रवार की रोजगार रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि आर्थिक परिस्थितियों के कारण अंशकालिक काम करने वाले लोगों की संख्या पिछले महीने 4,60,000 बढ़ गई।

उपभोक्ताओं के पास खर्च करने के लिए अतिरिक्त पैसे दर्शाने वाले अवकाश व आतिथ्य क्षेत्र में 16,000 नौकरियां चली गईं। संघीय सरकार ने भी अपने 10,000 कर्मचारियों में कटौती की है। जनवरी से आर्थिक नीति अनिश्चितता सूचकांक 41 प्रतिशत बढ़कर 334.5 पर पहुंच गया, जिसने अतीत में मंदी के संकेत दिए थे। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्री और अनिश्चितता सूचकांक के सह-विकासकर्ता निकोलस ब्लूम ने कहा, यह स्पष्ट नहीं है कि कैसे क्या होगा, लेकिन वह चिंतित हैं। उन्होंने कहा, "मुझे डर है कि हम उस दौर में प्रवेश करेंगे जिसे ट्रंप मंदी के रूप में जाना जा सकता है।

## चीन का कनाडा पर पलटवार, कृषि उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**बीजिंग।**



चीन ने पलटवार करते हुए 2.6 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के कनाडाई कृषि और खाद्य उत्पादों पर टैरिफ लगाने की शनिवार को घोषणा की। नये टैरिफ 20 मार्च से लागू होंगे। अक्टूबर में ओटावा द्वारा चीनी निर्मित इलेक्ट्रिक वाहनों और इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर लगाए गए शुल्कों के जवाब में चीन ने यह कदम उठाया है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि चीन कनाडा के रेपसीड तेल, ऑयल केक और मटर के आयात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, तथा कनाडा के जलीय उत्पादों और पोर्क पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। इससे पहले कनाडा ने चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर 100 प्रतिशत टैरिफ तथा उसके एल्युमीनियम और स्टील उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाया था। चीन कनाडा का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। चीन के इस कदम से व्यापार युद्ध में एक नया मोर्चा जुड़ जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ की घोषणा के बाद अब कनाडा और चीन के बीच भी व्यापार युद्ध का खतरा मंडराने लगा है। बीजिंग स्थित कनाडाई दूतावास ने इस मामले में अभी टिप्पणी नहीं की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को भारत की टैरिफ व्यवस्था पर हमला करते हुए कहा कि "उच्च टैरिफ" के कारण भारत को कुछ भी बेचना लगभग असंभव है।

## तालिबान ने अफगान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा पर दिया जोर



**काबुल।**

तालिबान ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक संदेश जारी कर कहा कि अफगानिस्तान में महिलाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनके अधिकार भी सुरक्षित हैं, जबकि संयुक्त राष्ट्र ने यहां महिलाओं के लिए रोजगार एवं शिक्षा पर लगाए गए प्रतिबंधों की निंदा की है।

अफगानिस्तान पर 2021 में कब्जा करने के बाद तालिबान ने महिलाओं और लड़कियों को छठी कक्षा से आगे की पढाई करने, नौकरी करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने पर रोक लगा दी थी। पिछले अगस्त में ऐसे कानून बनाए गए जो महिलाओं की स्वतंत्रता पर पाबंदी लगाने वाले हैं। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान जारी कर कहा कि महिलाओं की गरिमा, सम्मान और कानूनी अधिकार हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस्लामिक कानून एवं अफगान समाज की परंपराओं के अनुसार, महिलाओं के मौलिक अधिकारों को बरकरार रखा गया है। वहीं, अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र मिशन की प्रमुख रोजा ओटुनबायेवा ने कहा कि सामाजिक जीवन में महिलाओं और लड़कियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सार्वजनिक जीवन से महिलाओं और लड़कियों को दूर करने की बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

## कांग्रेस में गुटबाजी पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि इस समय भारत की राजनीति के चिर युवा नेता, जो गुजरात चुनाव के दौरान संभवतः एक भी सभा करने के लिए गुजरात नहीं गए और जो कांग्रेस पार्टी के 140 वर्ष के इतिहास के सर्वाधिक असफल अध्यक्ष हैं, वो गुजरात कांग्रेस में सफलता का मूलमंत्र सिखाने के लिए कार्यकताओं की बैठक ले रहे थे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस पिछले तीन दशकों में गुजरात के लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में असमर्थ रही है।

## आज से बदलेगा मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली।**



अब ठंड बस कुछ दिन की और बची है। मौसम विभाग के मुताबिक, होली के बाद तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा और फिर लू भी चलने लगेगी। मौसम विभाग ने होली के दिन 14 मार्च को दिल्ली के कई इलाकों में हल्की वर्षा की फुहार की संभावना जताई है। पहाड़ों पर भी मौसम बदलेगा और बर्फबारी होगी। जम्मू-कश्मीर के साथ उत्तराखंड में लैंडस्लाइड की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इस वजह से आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। सुबह में धुंध हो सकती है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। अगले सप्ताह मंगलवार और बुधवार को 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम है।

## तेलंगाना सुरंग हादसे में बचाव अभियान जारी, रोबोट की मदद लेने का निर्देश



**नगरकुरनूल।**

तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने अधिकारियों को आंशिक रूप से ढही श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव कार्य में रोबोट की मदद लेने का निर्देश दिया। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है।

क्षतिग्रस्त टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) के टुकड़े बचाव कर्मियों के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। इसी को देखते हुए सिंचाई मंत्री ने ये निर्देश दिए। सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद 22 फरवरी से आठ लोग इसमें फंसे हुए हैं। मंत्री ने सुरंग स्थल का दौरा कर जारी बचाव अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार हैदराबाद स्थित एक निजी कंपनी के रोबोट विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग कर बचाव कार्य में चार करोड़ रुपये खर्च करेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि चूंकि विशाल टीबीएम के टुकड़े सुरंग के अंदर पानी, मिट्टी और पत्थरों में मिल गए हैं, इसलिए वे बचाव दल के लिए खतरा बन गए हैं।

## कर्नाटक में सीएम पद के लिए घमासान

# खरगे बोले- साथ मिलकर काम करें सिद्धारमैया-शिवकुमार



**कलबुर्गी।**

कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से एकजुट होकर काम करने और राज्य के विकास को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यदि वे अलग-अलग रहेंगे और अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ेंगे तो इससे कठिनाई होगी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता जेवरगी में कल्याण पथ परियोजना को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसी कार्यक्रम में खरगे ने पीएम नरेन्द्र मोदी पर देश से झूठ बोलने का आरोप भी लगाया। कहा कि उन्होंने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान 11 बड़े झूठ बोले हैं। आरोप लगाया कि ग्यारह साल में पीएम मोदी ने छोटे नहीं, 11 बड़े झूठ बोले हैं। पहला झूठ विदेश से काला धन लाना और लोगों के बैंक खातों में 15-15 लाख रुपये डालना है। दूसरा झूठ हर साल दो करोड़ नौकरियां पैदा करना है। लेकिन, मुझे अब भी नहीं पता कि हमारे युवा उनका समर्थन क्यों करते हैं। क्या वे जाति, धर्म या आचरण के आधार पर ऐसा करते हैं, मुझे समझ में नहीं आता।

### मैं सिद्दरमैया और शिवकुमार की सराहना करता हूं- खरगे

उन्होंने कहा कि मैं सिद्दरमैया और शिवकुमार की सराहना करता हूं। आप दोनों को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए और राज्य के विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यदि हम विकास को नजरअंदाज करेंगे तो निश्चित रूप से लोग हमें पसंद नहीं करेंगे। राज्य के सियासी हलकों खासकर कांग्रेस पार्टी के भीतर यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस साल के अंत तक सत्ता साझा करने के फामूर्ले के तहत राज्य के मुख्यमंत्री बदल सकते हैं।

## संपादक की कलम से

### जेबों की सर्जरी

यह खबर परेशान करती है कि देश के करोड़ों मरीज पहुंच से बाहर के महंगे इलाज के कारण गरीबी की दलदल में फंस जाते हैं। वे कथित रुप से दूसरे भगवान कहे जाने वाले शख्स के आगे बेबस नजर आते हैं। खासकर बड़े आप्रेशनों व उपकरणों से लेकर महंगी दवाओं को लेकर। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने मरीजों की दुखती रग को समझते हुए केंद्र व राज्य सरकारों से निजी अस्पतालों में मरीजों का शोषण रोकने के लिये नीतिगत फैसला लेने को कहा है। एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा कि देशवासियों को चिकित्सा का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना राज्यों का कर्तव्य है। निर्विवाद रूप से राज्य सरकारें ऐसा करने में विफल रही हैं। इसके बावजूद कि उन्होंने बड़े अस्पतालों को जमीन आदि तमाम सुविधाएं रियायती दरों पर दी हैं। ऐसे में वे गरीब मरीजों को राहतकारी इलाज देने के लिये बड़े अस्पतालों को बाध्य कर सकती थीं। वैसे चुनावों के दौरान तमाम तरह के सब्जबाग दिखाने वाले राजनीतिक दलों के एजेंडे में चिकित्सा सुविधा सुधार कभी प्राथमिकता नहीं रही। यदि सार्वजनिक चिकित्सा का बेहतर ढांचा उपलब्ध होता तो लोग निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर न होते। यदि निगरानी तंत्र मजबूत होता और प्रभावी कानून होते तो मरीजों को दोहन का शिकार न होना पड़ता। यदि मरीजों से निजी अस्पतालों में मनमानी रकम वसूली जाती है तो यह राज्य सरकारों की छवि पर आंच है कि वे मरीजों को किफायती उपचार उपलब्ध कराने में विफल रही हैं। यही वजह है कि शीर्ष अदालत को कहना पड़ा कि मरीजों को उचित मूल्य वाली दवाइयां न मिल पाना राज्य सरकारों की नाकामी को ही दर्शाता है। इतना ही नहीं राज्य सरकारें निजी अस्पतालों को न केवल सुविधाएं प्रदान करती हैं बल्कि उन्हें प्रोत्साहन भी देती हैं। सरकारों का यह दावा अतार्किक है कि मरीजों के तिमारदारों के लिये निजी अस्पताल के मेडिकल स्टोरों से दवा खरीदने की बाध्यता नहीं है। दरअसल, अस्पताल की फामेर्सी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति–नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा–निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें।



ललित शर्मा
संपादक

## टीकेश्वर सिन्हा



### बसंत आ गया

बाल गीत

लो बसंत आ गया।
हर्षोल्लास छा गया।।

मतवाली हवा बहने लगी।
गीत कविता कहने लगी।
तरुवर नव परिधान पा गया,
लो बसंत आ गया।।

कलियों ने मुस्कान बिखेरी।
फूलों ने दिखलाई दिलेरी।
मदमस्त भौंरे को भा गया,
लो बसंत आ गया।।

धरती में रौनकता छाई।
नीलगगन ने ली अंगड़ाई।
सब में प्यार लुटा गया,
लो बसंत आ गया।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी बढ़ी



बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

बिहार में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर महीने में होंगे। हालांकि, उससे महीनों पहले राज्य में धार्मिक और राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। कहीं एनडीए और यूपीए एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते प्रतीत हो रहे हैं तो कहीं उनके गठबंधन के अपने ही साथी एक-दूसरे को रणनीतिक मात देते हुए अपनी सीटें बढ़ाने को लेकर बेताब नजर आ रहे हैं। इस नजरिए से भाजपा-जदयू की धींगामुश्ती और राजद-कांग्रेस की अंदरूनी कुश्ती के बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सबके बने बनाए खेल बिगाड़ रही है।

एक तरफ जहां धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है, वहीं हिंदुत्व का नया जनज्वार यहां भी पैदा होती दिखाई दे रही है। इससे जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कम, लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके समर्थक ज्यादा परेशान हैं। इस बीच बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जब अपने हिंदू राष्ट्र के एजेंडे के साथ बिहार पहुंचे, तो रही सही कसर पूरी हो गई। क्योंकि उनका हुर्मुठ धार्मिक अंदाज बिहारियों पर भी अपना छाप छोड़ेगा ही।

उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सुपौल में और आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीश्री रविशंकर भी पटना में यानी राज्य में मौजूद हैं। इससे धीरेंद्र शास्त्री के गोपालगंज में पांच दिवसीय हनुमंत कथा की समां बंध चुकी है। वहीं, बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं।

पंडित शास्त्री का यह कहना कि वह अब सनातनियों को झुकने नहीं देंगे, हिंदुओं की आबादी घटने नहीं देंगे, और भारत के पहले ही बहुत टुकड़े हो चुके हैं, इसलिए अब भारत के और टुकड़े होने नहीं देंगे, को सुनकर हिन्दू गदगद हैं। वहीं, पंडित शास्त्री ने सवालिया लहजे में यह पूछकर अपना धार्मिक एजेंडा स्पष्ट कर दिया है कि ईसाइयों के हितचिंतक 95 देश हैं, इस्लामी मतावलंबियों यानी मुसलमानों के हितचिंतक 65 देश हैं, लेकिन हिंदुओं का हितचिंतक कौन देश है?

उन्होंने अपनी चिंता प्रकट करते हुए आगे कहा कि भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, भूटान, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशों में जो 150 करोड़ हिन्दू हैं, जो दुनिया की तीसरी बड़ी धार्मिक आबादी है, उनका हितचिंतक तो अखंड भारत के ही देशों को होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यदि ये ऐसा नहीं करेंगे तो हम डंके की चोट पर उनसे हिंदुत्व से जुड़े ये कार्य करवाएंगे, लेकिन हिंदुओं का अहित नहीं होने देंगे। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि हम हिंदुओं के लिए ही जीयेंगे और हिंदुओं के लिए ही मरेंगे। इसलिए हम पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में घूम-घूम कर हिंदुत्व का अलख जगा रहे हैं। मुझे बिहार के लोगों से ज्यादा उम्मीद है। हिन्दू राष्ट्र की मजबूत हुंकार इसी क्रांतिकारी भूमि से भरी जाएगी।

स्वाभाविक है कि बिहार में बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का एक धार्मिक नेता वाला अवतार दिखा। इससे पहले वह उड़ीसा, झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों को भी हिंदुत्व और भारतीयता के लिहाज से जगाते चले आ रहे हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि जिंदगी कितनी भी अच्छी हो, यदि इसमें भक्ति ना हो तो वह किसी काम की नहीं। जीवन में भक्त और भक्ति एक दूसरे के बिना सफलता की कामना संभव नहीं है। इसलिए पुरुषार्थ करते रहिए, जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा, जीवन में सबका सम्मान करें। छोटे से छोटे व्यक्ति भी सम्मान के पात्र होते हैं। जीवन के कर्तव्यों के साथ-साथ भक्ति भी जरूरी है। भक्ति के बिना सफल जीवन की कामना बेकार है।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, भारत को बंटने नहीं देंगे, हिंदुओं को घटने नहीं देंगे, हम हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं। उन्होंने कथा के दौरान ही कहा, हम किसी पार्टी के प्रचारक नहीं, बल्कि हिंदुत्व के विचारक हैं। यह देश हमारा है, यह बिहार हमारा है। हम हिंदुत्व जगाने आए हैं। हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं। उन्होंने दुनिया में अलग-अलग देश में रह रहे अलग-अलग समुदाय के साथ हिंदुत्व पर चर्चा करते हुए भारतवर्ष को एक महान राष्ट्र बताया। उन्होंने कहा, हम हिंदू को एकजुट करने आए हैं। आप हमें रामनगर में जब तक रखेंगे हम तब तक रहेंगे। पांच दिवस ही क्या, पांच महीने तक हम हिंदुत्व के लिए कथा करते रहेंगे। विदेश से भी श्रद्धालु कथा का श्रवण करने पहुंचे हैं। इससे बागेश्वरधाम सरकार श्री शास्त्री की लोकप्रियता और भी परवान चढ़ने लगीहै।

चूंकि बिहार राज्य में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसको लेकर सभी दलों ने जोर आजमाइश भी शुरू कर दी है। इस लिहाज से मार्च के पहले-दूसरे सप्ताह में, वो भी होली से ठीक पहले बिहार में एक साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, बागेश्वर सरकार धीरेंद्र शास्त्री और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर का दौरा करना महत्वपूर्ण है। इससे सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिहाज से सजग रहे बिहार में हिंदुत्व का एक नया उफान पैदा होगा, जिससे सूबे में भाजपा की जड़ें और मजबूती से जमेंगी।

चूंकि उड़ीसा विधानसभा चुनाव में जीत चुकी भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव में मुँहकी खा चुकी है। इसलिए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को वह हर हाल में जीतना चाहती है। चूंकि वह यहां पर जदयू के साथ चुनाव लड़ती आई है, इसलिए वह विपक्षी पार्टी राजद और कांग्रेस को इतना कमजोर कर देना चाहती है कि उसके सहयोग से जदयू पुरानी बारगेनिंग करने लायक नहीं बचे। इसलिए वह इस बार जदयू की सीटों की संख्या को भी कतरने का मन बना चुकी है। यह सबकुछ करना इसलिए बेहद जरूरी है कि 2026 के पूर्वार्द्ध में ही पश्चिम बंगाल विधानसभा के चुनाव भी होने वाले हैं। जहां चुनाव जीतना दिल्ली के बाद मोदी सरकार की हिट लिस्ट में है।

समझा जाता है कि एक के बाद एक यानी हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली जैसी मुश्किल विधानसभा चुनावों में अपनी जीत का परचम लहरा चुकी भाजपा अब बिहार में भी वही प्रयोग करने जा रही है। आरएसएस और अपनी आनुषंगिक इकाइयों के माध्यम से वह जन जन को साधना चाहती है, ताकि नीतीश कुमार पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना रहे और सीटों के बंटवारे में वो कम सीट पर चुनाव लड़ने को राजी हो जाएं। वहीं, यदि इसमें को अप्रत्याशित बाधा भी आए तो राज्य में हिंदुत्व की लहर इतनी प्रचंड हो जाए कि धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय जैसी जातिवादी और धार्मिक सोच हवा-हवाई हो जाए।

यही वजह है कि गोपालगंज में बागेश्वर सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 5 दिवसीय हनुमंत कथा के आयोजन से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव की सियासी नींद उड़ चुकी है। वहीं, प्रयागराज महाकुंभ के बाद भाजपा की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय हवा बनी है, उससे भी ये नेता भीतर ही भीतर परेशान हैं। तेजस्वी यादव और उनके समर्थक तो इस आयोजन को लेकर उटपटांग बयानबाजी भी तेज कर चुके हैं।

वहीं, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के गृह जनपद गोपालगंज के भोरे प्रखंड के रामनगर स्थित श्रीराम जानकी मठ इन दिनों हिंदुत्व व सनातनियों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां भारी संख्या में श्रद्धालु धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए पहुंचे हुए हैं। इस श्रीराम जानकी मठ में धीरेंद्र शास्त्री ने कथा से पहले हिन्दुओं के अस्तित्व और उनकी सुरक्षा को लेकर बहुत बड़ा बयान दिया है। गुरुवार की देर शाम कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वे यहां अपने लिए थोड़े आए हैं, वे इस देश के हिन्दुओं को जगाने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा वे अपनी लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं बल्कि दुनिया के 150 करोड़ हिन्दुओं की लड़ाई लड़ने आए हैं।

उन्होंने कथा के दौरान यहां तक कह दिया कि, वे किसी पार्टी के लिए थोड़े आते हैं। वे किसी के लिए वोट मांगने थोड़े आते हैं। वे तो सिर्फ हिन्दुओं के अलख को जगाने आते हैं। बागेश्वर धाम सरकार ने साफ-साफ अंदाज में कहा कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। यानी उनके खिलाफ जगह जगह बयान देने वालों के लिए धीरेंद्र शास्त्री ने दो टूक शब्दों में 'सेम टू यू' वाला मुहावरा दुहरा दिया।

बता दें कि कुछ दिनों पहले ही उन्होंने अपने प्रवचन में हिंदुत्व और हिंदु राष्ट्र को लेकर एक बड़ा बयान दिया था और दो टूक कहा था कि देश में सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) नहीं बल्कि हिंदुत्व इंटेलिजेंस (एच आई) भी होना चाहिए। तब मीडिया से मुखातिब होते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यहां तक कहा था कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए हमारा प्रयत्न जारी है। भारत हिंदू राष्ट्र बने। उन्होंने आगे कहा कि हिंदू राष्ट्र का मतलब किसी मजहब के खिलाफ नहीं है बल्कि हिंदू राष्ट्र का मतलब सबको लेकर चलना, जैसे दुबई में अलग-अलग संस्कृति के लोग एक साथ रहते हैं। उसी तरह भारत में भी सबको रहने का अधिकार है। यह भारत किसी का एक नहीं बल्कि सबका है। इससे उनके श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ी।

इस मौके पर ही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यह भी कहा था कि सबके दादा-परदादाओं ने आजादी के लिए युद्ध लड़े हैं, अपने प्राणों की आहुतियां दी हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व का मतलब है जीवन जीने की सही विचार धारा। हिंदुत्व का मतलब अहिंसावादी जीवन है। हिंदुत्व का मतलब सबको लेकर चलने और भारत को विश्व गुरु बनाने की पहल है। वहीं, इससे पहले एक कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा था कि वहां (संभल में) सदियों से बंद पड़े हनुमान मंदिर, शिव मंदिर खोज कर और खुदाई के बाद निकले हैं। - **कमलेश पांडे**

# साहब ! शब्द एक है, मतलब अलग-अलग है- आमंत्रण -निमंत्रण बनाम आरंभ-प्रारंभ



गोंदिया

**वेलकम इंडिया**

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश में अलग- अलग भाषाएं होती है, विशेष रूप से भारत तो भाषाओं लिपियों शब्दों का गहरा समुद्र है, जहां अनेकों ऐसे शब्द हैं जिनका मतलब उनकी परिस्थितियों के अनुसार बदल जाता है या अनेक होते होते है, परंतु इसका मतलब परिस्थितियों की स्थिति के अनुसार निकालना पड़ता है या फिर अनेक शब्द ऐसे होते हैं जिनका अगर एक अक्षर भी बदल जाए तो उसका मतलब ही बदल जाता हैजबकि दो शब्द ऐसे है जैसे आमंत्रण-निमंत्रण व आरंभ-प्रारंभ कई लोग इसका अर्थ एक ही समझते हैं परंतु यह दोनों शब्दों की जोड़ी के प्रत्येक शब्द का उपयोग उस परिस्थितिजन्य स्थिति में किया जाता है। अगर मैं इन सामान शब्दों या एक शब्द को एक वकील या सीए की नजर से देखूं तो एक शब्द के अनेक माईना निकालकर अपने अरगुमेंट को बेस्ट परफॉर्मेंस दे सकता हूं, परंतु इन शब्दों की व्याख्या के लिए भी हमारी वकालत में इंटरप्रिटेशन एक्ट बना हुआ है जो, जज साहब द्वारा जजमेंट देते समय उन शब्दों की व्याख्या उसके अनुसार ही की जाती है, इसलिए वह एक शब्द ही है जो इंसान की जिंदगी बिगाड़ सकता है तो उसकी व्याख्या जिंदगी संवार भी सकता है। दूसरे शब्दों में इसी शब्द की एक लीगल व्याख्या में सजा भी हो सकती है तो दूसरी ओर इसी शब्द की दूसरी व्याख्या में एक्विट्टल यानी छूट भी मिल सकती है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि आज मैंने फेसबुक में एक मेल फीमेल के बीच आमंत्रण-निमंत्रण व आरंभ-प्रारंभ शब्दों के मतलब को लेकर एक चर्चा, यू कहें की डिबेट चल रही थी जो आपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या कर रहे थे, फिर मैंनें इस विषय को आर्टिकल लिखने के लिए चुनकर रिसर्च शुरू किया, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बौद्धिक व्यवहार के मूल्यांकन का एक स्तंभ शब्दों की गहराई में जाकर संबंधित स्थिति के अनुसार शब्द का प्रयोग करना ही गुणी व्यक्तित्व की पहचान है।




साथियों बात अगर हम आमंत्रण व निमंत्रण के मतलब को समझने की करें तो, दोनों ही किसी को बुलाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, लेकिन इनमें अंतर होता है आमंत्रण अनौपचारिक होता है, जबकि निमंत्रण औपचारिक होता है। आमंत्रण में जाने की बाध्यता नहीं होती, जबकि निमंत्रण में जाने की बाध्यता होती है। आमंत्रण और निमंत्रण में अंतरः (1) आमंत्रण में किसी विषय विशेष पर विशेष व्यक्ति को बुलाया जाता है वहीं, निमंत्रण किसी अवसर विशेष पर विशेष व्यक्तियों को बुलाया जाता है। (2) आमंत्रण में लक्ष्य निर्धारित होता है और लक्ष्य प्राप्त होने पर आमंत्रण खत्म हो जाता है वहीं, निमंत्रण में लक्ष्य के साथ लोकाचार भी होता है। (3) आमंत्रण में हर व्यक्ति के पास एक लक्ष्य होता है, वह या तो वक्ता होता है या फिर श्रोता। (4) आमंत्रण से व्यक्ति की प्रतिष्ठा जुड़ती है। (5) आमंत्रण का मतलब होता है- आवाज देना या बुलाना। (6) निमंत्रण एक ऐसा बुलावा है जिसमें जाने की बाध्यता होती है। (7) निमंत्रण पर आपके न जाने पर सामने वाले स्वजन को बुरा भी लग सकता है। (8) आमंत्रण और निमंत्रण दोनों को अंग्रेजी में इनविटेशन कहते हैं। निमंत्रण में समय निर्धारित होता है और अतिथि से उसी समय में अनिवार्य तौर पर आने की अपेक्षा की जाती है जबकि आमंत्रण में अनिवार्यता नहीं होती है। निमंत्रण, आमंत्रण से अलग कैसे है (1) निमंत्रण में सिर्फ शारीरिक उपस्थिति उपयोगी है। (2) निमंत्रण में एक आयोजन होता है परंतु प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य निर्धारित नहीं होता। (3) निमंत्रण में आयोजन पूर्ण होने पर भोजन आदि के साथ उत्सव मनाया जाता है। (4) निमंत्रण सामाजिक मेल मिलाप के लिए होता है। (5) निमंत्रण भारत में लोकाचार का एक उपकरण है। (6) विवाह समारोह में निमंत्रण दिया जाताहै। (7) धार्मिक आयोजनों में निमंत्रण दिया जाता है। (8) पारिवारिक कार्यक्रमों में निमंत्रण दिया जाता है। (9) आमंत्रण और निमंत्रण दोनों किसी को बुलाने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। (10) आमंत्रण किसी विषय विशेष पर विशेष व्यक्ति का बुलावा होता है। (11) निमंत्रण किसी अवसर विशेष पर विशेष व्यक्तियों का बुलावा होता है। (12) आमंत्रण में लक्ष्य निर्धारित होता है और लक्ष्य प्राप्त होते ही आमंत्रण समाप्त हो जाता है। (13) निमंत्रण में लक्ष्य के साथ लोकाचार भी होता है। लक्ष्य प्राप्ति के बाद उत्सव होता है। (14) मंच पर वक्ता को आमंत्रित किया जाता है। (15) कार्यक्रम में श्रोता को आमंत्रित किया जाता है। (16) मीटिंग सेमिनार, समाज सेवा के कार्य, कला एवं संस्कृति के आयोजनों में लोगों को आमंत्रित किया जाता है। (17) आमंत्रण में हर व्यक्ति के पास एक लक्ष्य होता है। वह या तो वक्ता होता है या फिर श्रोता। (18) आमंत्रण से व्यक्ति की प्रतिष्ठा जोड़ती है। दोनों ही शब्दों में 'मंत्र' धातु की एक सी उपस्थिति है। सामान्य रूप से 'आमंत्रण' और निमंत्रण बुलावे के लिए प्रयुक्त होते है, परंतु 'आ' और 'नि' के चलते इनके अर्थो में विशिष्टता आ गई है। इसी विशेषता के कारण ऋषि-मुनियों ने आमंत्रण के बाद निमंत्रण शब्द का अनुसंधान किया। यह बताने की जरूरत नहीं कि हिंदी में एक एक शब्द को प्रचलन में शामिल करने से पहले उस पर काफी अनुसंधान यानी रिसर्च और शास्त्रार्थ यानी डिस्कशन हुए हैं। आमंत्रण और निमंत्रण में व्याकरण का अंतर- आमंत्रण' और 'निमंत्रण' दोनों का अर्थ समान समझ लिया जाता है, पर ऐसा नहीं है। दोनों ही शब्दों में 'मंत्र' धातु की एक सी उपस्थिति है। सामान्य रूप से आमंत्रण और निमंत्रण बुलावे के लिए प्रयुक्त होते है, परंतु 'आ' और 'नि' के चलते इनके अर्थो में विशिष्टता आ गई है। इसी विशेषता के कारण ऋषि-मुनियों ने आमंत्रण के बाद निमंत्रण शब्द का अनुसंधान किया। यह बताने की जरूरत नहीं कि हिंदी में एक एक शब्द को प्रचलन में शामिल करने से पहले उस पर काफी अनुसंधान यानी रिसर्च और शास्त्रार्थ यानी डिस्कशन हुए हैं।

साथियों बात अगर हम आरंभ-प्रारंभ के मतलब को समझने की करें तो, हिंदी की अनुभवी शिक्षिका विशेषज्ञ के अनुसार, आरंभ शब्द का अर्थ कोई नया काम शुरू करने से होता है। उदाहरण के लिए, चलिए भोजन आरंभ कीजिए'। वहीं, जब कोई काम किसी विराम के बाद दोबारा शुरू होता है तब प्रारंभ शब्द का प्रयोग किया जाता है।

# पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा ग्रामीण उद्यमशीलता के सशक्तिकरण हेतु कार्यशालाओं का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद प्रदत्त अनुसूचित जाति के लिए विकास कार्य योजना डी ए पी एस सी 2024-25 के अंतर्गत ह्यह्यदुग्ध उद्योग के माध्यम से ग्रामीण उद्यमशीलता का सशक्तिकरण परियोजना का संचालन किया गया।

इस परियोजना के मुख्य संयोजक डॉ. संजय कुमार भारती, सहायक आचार्य पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा 6 मार्च 2025 से 8 मार्च 2025 तक तीन दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। दिनांक बृहस्पतिवार को पशुधन उत्पादन प्रौद्योगिकी विभाग, दुवासू, मथुरा में दुग्ध प्रसंस्करण के माध्यम से ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु एकदिवसीय व्यवहारिक कार्यशाला आयोजित की गई।

शुक्रवार को ग्राम विरहना, ब्लॉक राय, मथुरा में डेयरी क्षेत्र की स्थिति एवं मूल्य श्रृंखला पर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शनिवार को ग्राम बिसवाली, तहसील मॉट में स्वच्छ दूध तकनीक एवं डेयरी उत्पाद निर्माण पर लघु डेयरी धारकों के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रमो में विश्वविद्याल के विशषज्ञो द्वारा डेयरी उद्यम के परिचय, स्वच्छ दूध उत्पादन, मूल्यवर्धन एवं थनेला रोग की प्राथमिक जांच, दुग्ध उपमिश्रण जॉच हेतु व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं तकनीकि व्याख्यान दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को थनेला रोग की प्राथमिक जांच हेतु सीएमटी किट, दूध की गुणवत्ता जांच हेतु लैक्टोमीटर, खनिज लवण मिश्रण एवं उपयोगी साहित्य वितरित किया गया। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी इंटरप्राइज के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देना एवं लाभार्थियों को स्वच्छ दूध उत्पादन एवं मूल्यवर्धन प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की सफलता में योजना के सह-संयोजक डॉ. आलोक कुमार चौधरी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अवनीश, डॉ. चिराग, डॉ. मीना गोस्वामी, डॉ. पारुल, डॉ. रुचि तिवारी एवं डॉ. रश्मि सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. विकास पाठक अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा संकाय के सत्त मार्ग दर्शन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। डॉ. नेहा गुप्ता, पशु चिकित्सा अधिकारी, बिसवाली मथुरा ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशिष्ट योगदान दिया। यह परियोजना ग्रामीण उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी उद्यमो को प्रोत्साहित किया जा सके।

## लखनऊ मण्डल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल की ओर से कार्यरत महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए दिनांक 8 मार्च 2025 को इंडोर रेलवे अस्पताल, लखनऊ में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों की टीम ने महिलाओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस विशेष दिन पर गाड़ी संख्या 13006 हावड़ा अमृतसर एक्स. ट्रेन में *दुर्गा ब्रिगेड के रूप में महिला टिकट चेकिंग स्टाफ कु. प्रज्ञा सिंह एवं कु. अंजलि एवं गाड़ी संख्या 13010 में कु. शिवांगी त्रिपाठी एवं कु. वर्तिका गुप्ता ने महिला फढक्ष स्टाफ के साथ लखनऊ से पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन तक कमान संभाली। इसी क्रम में मण्डल के अन्य स्टेशनों तथा विभागों में भी इस दिवस के तहत महिलाकर्मियों ने पूर्णरूप से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने महिला कर्मियों से संवाद करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यक्षेत्र में जिस निष्ठा, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ योगदान दे रही हैं, वह न केवल रेलवे की प्रगति में सहायक है, बल्कि समाज में भी प्रेरणा का स्रोत है। रेलवे के विभिन्न विभागों में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लखनऊ मंडल में महिला कर्मचारी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसः आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी बने मातृशक्तिः प्रभा देवी चेयरमैन

वेलकम इंडिया



**गोवर्धन।** कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी ने कल्याणं करोति के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन प्रभा देवी शर्मा व प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर चेयरमैन ने उपस्थित मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बन कर समाज और परिवार में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए रोजगार परक शिक्षा लेने का आह्वान किया। उपस्थित अतिथियों ने महिलाओं की भूमिका और उनके सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि महिलाओं का सम्मान और सहयोग केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें हर दिन उनके अधिकारों और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना चाहिए, जिससे हम एक मजबूत और समृद्ध समाज का निर्माण कर सकें।

कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी एवं कल्याणं करोति के सहयोग से नेत्र जाँच शिविर में ३०० से अधिक महिलाओ एवं पुरुषो को आंखों की देखभाल और नेत्र स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कल्याणं करोति से सचिन शर्मा, सौरभ यादव, भीम चौधरी, अंकुर ठाकुर, एवं समस्त कल्याणं करोति की डॉक्टर्स टीम उपस्तिथ रहे। साथ ही श्री विष्णु प्रसाद जी (जोनल मैनेजर, अंबुजा फाउंडेशन), श्री राम मोहन लवानिया जी (सेडी इंचार्ज) एवं कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी की पूरी टीम उपस्तिथ रही। बता दे कि कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी कौशल विकास के साथ साथ सामाजिक उत्थान के लिए अग्रसर है।

यह आयोजन महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, और कृष्णाश्रय गुरुकुल सेडी आगे भी ऐसे प्रयासों को जारी रखेगा।

## आरएसएस गोवर्धन खंड का होली मिलन आज

**गोवर्धन:** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गोवर्धन खंड का होली मिलन समारोह 09 मार्च रविवार (आज) दोपहर कस्बा के मुरारी कुंज सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित होगा। दोपहर 02 बजे होने वाले होली मिलन समारोह की सूचना खंड प्रचारक भोजराज जी ने दी है।

# पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्योहारों को लेकर किया पैदल गश्त



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने आगामी त्योहारों होली, रमजान के दौरान जनता मे सुरक्षा भावना को बढ़ाने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक थाना बखिरा राकेश कुमार सिंह की उपस्थिति में मय आवश्यक पुलिस बल के साथ थाना बखिरा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा बखिरा आदि क्षेत्रों में पैदल गश्त किया तथा होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया व मस्जिद के धर्म गुरुओं से भी वार्ता की। त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पैदल गश्त के दौरान आम नागरिक से सीधा संवाद स्थापित कर उनको सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा आमजनमानस से अपील की गयी घरों में अच्छी एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरा लगाए जिससे की किसी भी अप्रिय घटना न घटित होने पाये। गश्त के दौरान पीआरओ पुलिस अधीक्षक *उ0नि0 दुर्गेश पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को किया गिरफ्तार, 19 लाख रुपए की शराब बरामद



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर 19 लाख रुपए की शराब बरामद की।जिले के एसपी कुंवर ज्ञान्जय सिंह ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरोह का पदार्फाश कर गिरोह के दो सदस्यों मेरठ निवासी योगेश कुमार गुप्ता व दिनेश को किठोर रोड पर गिरफ्तार कर 19 लाख रुपए की अवैध शराब चंडीगढ़ मार्का, ब्रांडेड कंपनियों के बोतल पव्वे के ढक्कन, सौल मार्क, स्टीकर आदि बरामद किए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण अवैध शराब को चंडीगढ़ से लाकर एनसीआर के विभिन्न जनपदों में ब्रांडेड कम्पनी की खाली बोतल पव्वों में रिफलिंग करके अधिक कीमतों पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।गिरफ्तार तस्कर बड़े-बड़े ट्रैवल बैग व खाली कड़ों में पैक करके बसों में यात्रा कर अवैध शराब को छिपाकर लाते थे। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस टीम ने शराब तस्करी करने गिरोह का किया पदार्फाश।

# धूमधाम से मनाया सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव

वेलकम इंडिया




**कांडा।** स्वर्गीय पंडित रमेश चंद्र पंत सरस्वती शिशु मंदिर कांडा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जीता सभी का दिल।

पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वार्षिकोत्सव का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना की साथ ही विद्यालय के पठन पाठन को भी सराहनीय बताते हुए विद्या भारती के इन विद्यालयों में संस्कारवान शिक्षा को बढ़ावा दिया जाने की बात कही।

आज शिक्षा का उद्देश्य रोजगार पाना ही रह गया जबकि शिशु मंदिर कांडा आज आधुनिक संसाधनों सुविधाओं से सुसज्जित होकर संस्कारवान शिक्षा को भी आगे बढ़ा रहा हैं। यहां विद्यालय के प्रधानाचार्य दयानिधि पंत ने सभी आगंतुकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए विद्यालय की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की उन्होंने बताया यहां से पढ़े हुए बच्चों ने राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर कांडा का परचम लहराया हैं।

हाल के दिनों में खेलों में उत्तराखंड का नाम रोशन करने वाली ज्योति वर्मा ने भी इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की थी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दरपान सिंह धपोला ने विद्यालय की प्रगति पर खुशी जाहिर करते हुए सभी से शिक्षा के इस मंदिर में सहयोग करने की अपील की।

इस मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, प्रधानाचार्य दयानिधि पंत, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दरपान सिंह धपोला मुख्य वक्ता कमल, हीरा सिंह कर्म्याल, महेश पंत, आलम सिंह मेहरा, सविता नगरकोटी, दरपान बिष्ट, अशोक पाण्डेय, विजय लोबियाल, राइका कांडा प्रधानाचार्य त्रिभुवन लोबियाल, भुवन पंत, भुवन चंदोला, हरीश पांडेय आदि मौजूद थे।

# हाफिजपुर थाना पुलिस ने पांच पशु चोरों को किया गिरफ्तार



**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने पशु चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के पांच शातिर सदस्यों को गिरफ्तार किया।जिनके कब्जे से दो चाकू, घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी, चोरी की 3 जिन्दा भैंस व 2 भैंस के बच्चे (कुल 05 पशु) बरामद किए।एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने बताया कि थाना हाफिजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार पुंडीर की पुलिस टीम के द्वारा थाने के दर्ज केस का खुलासा करते हुए पांच शातिर चोरों धौलाना के ग्राम पिपलैड़ा निवासी, सैफ अली खान, डासना निवासी अरमान उर्फ फरमान उर्फ नौशाद उर्फ भैंसा, वसीम, दिल्ली निवासी बबलू खां, गढ़ निवासी, अदनान को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से 02 अवैध चाकू, घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी, चोरी की 03 जिन्दा भैंस व 02 भैंस के बच्चे (कुल 05 पशु) बरामद हुए हैं।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तगण दिन में रैकी कर रात्रि में मौका पाकर पशु चोरी कर लेते थे एवं चोरी किये गये पशुओं को पैंठ में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे।गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के पशु चोर/अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध जनपद हापुड़, बुलन्दशहर व गौतमबुद्धनगर में चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि से सम्बन्धित करीब 02 दर्जन मुकदमे दर्ज है।

# श्रीसिद्धपीठ दुर्गा मंदिर में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम से सम्पन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** गौरा नगर कॉलोनी स्थित श्रीसिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में चल रहा अष्ट दिवसीय 11000 (ग्यारह हजार) हनुमान चालीसा पाठ एवं हनुमान महायज्ञ अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।जिसके अंतर्गत आचार्य रामनिहोर त्रिपाठी के आचार्यत्व में सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञ में आहुतियां दीं।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज को चोला धारण कराकर सवा मनी लड्डुओं का भोग लगाया गया।

इस अवसर पर अपने आशीर्वचन देते हुए प्रख्यात धर्मगुरु आचार्य रामनिहोर त्रिपाठी ने कहा कि श्रीसिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर मां भगवती एवं श्रीहनुमानजी महाराज की साधना का अत्यंत प्राचीन व दिव्य स्थल है।यहां प्रतिष्ठित दक्षिणमुखी हनुमानजी महाराज के समक्ष हनुमान चालीसा के तीन पाठ करने से प्रत्येक व्यक्ति की सभी मनोकामना निश्चित ही पूर्ण होती हैं। उन्होंने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज विश्व में व्याप्त सभी अरिष्टों का नाश करने वाले हैं।वे भक्ति, शक्ति व मुक्ति के प्रदाता हैं। इसलिए आज श्रीसिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर में 11000 (ग्यारह हजार) हनुमान चालीसा पाठ, श्रीहनुमान महायज्ञ, हनुमानजी महाराज का सवामनी प्रसाद, भव्य फूल बंगला, संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं महाप्रसादी आदि के आयोजन सम्पन्न हुए। इसीलिए वो जन-जन के आराध्य हैं।उनके मंदिर देश के प्रत्येक राज्य, प्रत्येक जिले, प्रत्येक नगर एवं प्रत्येक क्षेत्र में स्थापित हैं।जिनमें उनकी पूजा-अर्चना अत्यंत भक्ति-भाव से की जाती है। इस अवसर पर मुख्य आयोजक कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी सुपारी वाले), अमरनाथ अग्रवाल, डॉ. अनिल सक्सेना, पवन कौशिक, विपुल प्रधान, सुरेश चन्द्र सक्सैना (एडवोकेट), पूर्व पार्षद मनोज सक्सैना, नीरज सक्सैना, डॉ. राधाकांत शर्मा, पंडित भरत लाल, संतोष पाराशर एवं गोपाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बिना पूर्व सूचना के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रशासनिक तानाशाही अराजकता और प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध हैः विश्वविजय सिंह



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के उसरा शहीद में प्रशासन द्वारा इस्लामिया प्राइमरी स्कूल को ध्वस्त कर दिया गया है। शनिवार को कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह ने घटनास्थल पर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से घटना की विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि न कोई नोटिस न कोई पूर्व सूचना के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही प्रशासनिक तानाशाही, अराजकता और प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है! कांग्रेस पार्टी ऐसे किसी भी तानाशाही के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस कार्रवाई के विरुद्ध ग्रामीणों को हर संभव मदद करेगी। इसके खिलाफ आवाज बुलंद करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और पुनः निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अमरेन्द्र मल्ल, जिलाध्यक्ष प्रवीणचन्द्र पांडेय, पूर्व विधायक अफसर यू अहमद, दिलशाद अफसर, अतीक सिद्दीकी, मुहम्मद परवेज अख्तर, अतीकुर्रहमान, मारूफ अहमद, सुनील कुमार पाण्डेय, मौलाना सेराज अहमद, रियाज अहमद, अमित कुमार सिंह बिट्टू सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महिला सम्मान समारोह में उपस्थित मा0 विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, मा0 विधायक धनघटा गणेश चौहान, मा0 सदस्य राज्य महिला आयोग जनक नदिंनी, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर जिला जज कृष्णकान्त, जिला विधिक सेवा प्राधिकारी से अन्जय श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने जनपद की सभी महिलाओं और बेटियों को हार्दिक बधाई एवं शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि एक शिक्षित, स्वंतंत्र एवं आत्मनिर्भर महिला केवल अपना ही नही बल्कि की पूरे समाज का भविष्य संवारती है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मा0 विधायकगण, मा0 सदस्य महिला अयोग, डी0एम0, एसपी, ए0डी0जे0 द्वारा जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 43 महिलाओं एवं बेटियों को विभिन्न विभागों के माध्यम से उनके उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए मोमेन्टों एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मा0 विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी जी ने जनपद की सभी महिलाओं, बेटियों एवं बहनों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की कामना करते हुए कहा कि नारी शक्ति, मातृ शक्ति का सम्मान व चेतना जागृत करने के लिए आज पूरी दुनिया में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हो रहा है। उन्होंने अपने परिवार में अपनी माता एवं महिलाओं द्वारा मिले संस्कारों एवं अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि चूँकि मॉ बच्चें की प्रथम पाठशाला एवं शिक्षिका होती है, जिस घर में महिलाओं द्वारा बच्चों को अच्छा संस्कार दिया जाता है वह परिवार विचारवान, संस्कारवार एवं समृद्धवान होता है। उन्होंने महान सम्राट शिवाजी की महानता की पिछे माता जीजावाई जैसे महिला के योगदान को उद्दत करते हुए कहा कि हर पुरूष की सफलता एवं स्वस्थ्य समाज निर्माण के पिछे कही न कही नारी शक्ति का योगदान होता है।

मा0 विधायक धनघटा गणेशचन्द्र चौहान जी ने उपस्थित सभी मातृ शक्ति का स्वागत एवं इस अवसर पर हार्दिक अभिवादन करते हुए कहा कि आज के दिन हम सभी के द्वारा देश की लगभग आधी आवादी को सम्मान देने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा देश के विकास में महिलाओं की अग्रणि भूमिका एवं उनके सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन के लिए हर स्तर पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर, प्रयासरत है जिसका लाभ योजनाओं में माताओं, बहनों को स्वामित्व दिलाये जाने के रूप में जाहिर हो रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे 33 प्रतिशत आरक्षण का मामला हो, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास का स्वामित्व, स्वंय सहायता समूहों का गठन आदि सभी में सरकार बेटियों एवं महिलाओं को आगे लाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा विभिन्न अवसरों एवं त्योहारों पर कन्या पूजन का पवित्र कार्य किया जाता है जो हम सभी के लिए उनकी नेक सोच एवं महिलाओं के सम्मान के प्रति एक सीख देता है।

मा0 सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग श्रीमती जनक नदिंनी ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी माताओं, बहनों एवं बेटियों को हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार नारी सशक्तिकरण की दिशा में विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के माध्यम से महिला उत्थान के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के स्वास्थ्य, शिक्षा सहित महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा को रोकने की दिशा में सख्ता कानून बनाये गये है, जिससे हमारी बहन बेटियां पूरे सम्मान एवं स्वालम्बन के साथ विकास के हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने लैगिंग असमानता, वेतन असमानता को दूर करते हुए महिलाओं को समाज में बाराबरी का दर्जा देने के लिए तेजी से कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नारी घर से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। उन्होंने नारी को घर एवं संतान की प्रथम शिक्षिका बताते हुए कहा कि मॉ हमारे सृष्टि की रचईता है। भारती संस्कृति में नारी का सम्मान पहले भी उॅचा था, आगे भी रहेगा।

# अग्रोहा मेडिकल व मेदांता गुरुग्राम ने संयुक्त रूप से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** मेदांता गुरुग्राम की कैंसर विशेषज्ञ डॉ सोरून शिशक ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्तन कैंसर के विषय पर जागरूक करते हुए कहा कि ब्रेस्ट कैंसर पूरे विश्व में महिलाओं के लिए एक बड़ी बीमारी बनकर उभर रहा है। यदि समय रहते इसका पता ना लगाया जाए तो यह मृत्यु का कारण भी बनता है। इसलिए महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर पर जागरूक होकर इसके निदान व समाधान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समय समय पर मैमोग्राफी जाँच द्वारा प्रारंभिक दौर में ही उचित सलाह लेकर इसका उपचार करा लेना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ब्रेस्ट कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों व जाँच के बारे में भी जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के टेक चंद सभागार में किया गया था जिसमें महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

वही महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग व नर्सिंग कॉलेज ने संयुक्त रूप से महिला दिवस के विषय ह्ललैंगिक समानता-मजबूत नारीह्व विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया व कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम के बारे में विद्यार्थियों वह मौजूद स्टाफ को जागरूक किया। इस दौरान डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार का लैंगिक भेदभाव व असहज व्यवहार स्वीकार्य नहीं है व इसके लिए सरकार व कानून महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करता है। वहीं डॉ मोनिका द्वारा तनाव व चिंता की स्थिति में खुद को संयमित रखने के लिए हर्टफूलनेस रिलेक्सेशन तकनीक के बारे में भी बताया गया। इस दौरान महाविद्यालय निदेशक डॉ अलका छाबड़ा ने कहा कि भारत की महिलाएँ सशक्त रूप से आगे बढ़ रही है और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज का पूरा परिवार ऐसी महिलाओं को सलाम करता है।

इस दौरान कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक , नॉन टीचिंग स्टाफ, एमबीबीएस, नर्सिंग व फिजियोथेरेपी के विद्यार्थी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची दो शिकायत टीम ने कराया निस्तारण

**कांधला।** थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस में दो शिकायत पहुंची पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर दोनों समस्याओं का निस्तारण कराया। शनिवार को थाना प्रांगण पर शासन के दिशा निर्देश पर समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार सतीश यादव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने नगर एवं क्षेत्र से आने वाले शिकायतों को सुना। क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी किसान ने बताया कि पड़ोसी किसान ने उसकी मेड को काटकर उसमें नुकीले तारों को सीमेंट के पत्थर लगाकर लगा दिया है। और आरोपी ने मेड पर पेड़ भी लगा दिए हैं। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट करता है। गांव जसाला निवासी किसान संदीप कुमार ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया की पड़ोसी किसान ने उसके खेत की मेंड से सटाकर सैकड़ो पेड़ पौधे लगा दिए हैं।

# वैगन मरम्मत कारखाना झाँसी में महिला दिवस मनाया गया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** वैगन मरम्मत कारखाना, उत्तर मध्य रेल, झांसी में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में रंगोली, मेंहदी तथा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया किया था। प्रतियोगिताओ में विजयी महिलाओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कृत किया गया। महिला दिवस के आयोजन में अधिकरी कर्मचारी व प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्यालय प्रयागराज से मुख्य अतिथि श्रीमती ज्योति सिन्हा, श्रीमती भारती एवं श्रीमती प्रतिभा कदम व विशिष्ठ अतिथि श्रीमती अमिता श्रीवास्तवा उपाध्यक्षा रेलवे महिला कल्याण समिती झॉसी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन ऊषा सिंह, द्वारा तथा आभार श्रीमती किरन सिंह राधव ने किया।

## जेसीआई क्वीन ऑफ झांसी ने महिला दिवस का आयोजन किया



**झांसी।** जेसीआई क्वीन ऑफ झांसी द्वारा महिला दिवस का आयोजन किया गया सन्या जैन की अध्यक्षता में इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखे और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन किया प्रोत्साहन किया सबका सम जिसमें सब का सम्मान किया गया महिला माला पहनकर गिफ्ट देकर इसमें गेम और हाउजी भी खिलाया गया खूब इंजॉय किया जिसमें भाग लिया अनुष्का जैन मीनू चावला अनीता सोनी ज्योति जैन स्वीटी जैन निधि जैन रंजना वर्मा लक्ष्मी रमेन्द्री आखिर में बच्चे नाज ने इस कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया।

## अंतरास्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित




**झांसी।** नारी शक्ति को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है पूरे विश्व की नारी शक्ति को हमेशा प्रेरित करनी वाली वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई के झांसी नगर में आज महिला दिवस पर परिवार एवं समाज की जिम्मेदारी के साथ महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति उन्हें जागरूक करने के लिए योगाचार्य ऋतु जैन द्वारा योग कराया गया,, शक्ति,संस्कार और समर्पण की पहचान है नारी शीर्षक के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रड महिला थाना रावत, नगर निगम झांसी की उपसभापति प्रियंका साहू, पत्रकार सोनिया पांडे , ट्रैफिक वार्डन प्रगति शर्मा को सम्मानित किया गया. महिलाओं की आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक तमाम उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर आज उत्सव के रूप में झांसी के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

## अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा 1578 का तत्वाधान में खाटू श्याम बाबा का भंडारा हुआ संपन्न



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा 1578के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता के पारिवारिक कार्यक्रम श्री खाटू श्याम बाबा का भजन कीर्तन एवं बाबा भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कमलापुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम दीन कमलापुरी लखनऊ एवं गोंडा से पधारे महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष दुष्यंत कमलापुरी ज्ञान प्रदेश मंत्री ध्रुव कमलापुरी गोंडा स्किंवा इकाई के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता युवा प्रदेश महामंत्री पंकज कुमार गुप्ता एवं समाज के प्रमुख काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे इसी के साथ ही साथ मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार ने बाबा श्याम का पूजा अर्चना की इसी के साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज के लोगों ने विधायक को माल्या अर्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

## मादक पदार्थ तस्कर की तलाश में बरेली पुलिस की दबिश

**कांधला।** बरेली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की तलाश में क्षेत्र की नई बस्ती में पकड़ने के लिए दबिश दी, मादक पदार्थ तस्कर का घर नहीं मिलने के बाद बरेली पुलिस वापस लौट गई। यूपी के जनपद बरेली के कैंट थाना के उप निरीक्षक नरेश कुमार ने शनिवार को थाने पर आमद कराई। दरोगा ने बताया कि वर्ष 2008 में क्षेत्र की नई बस्ती निवासी सलीम ठाकुर पुत्र मोहम्मद शफी बरेली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर के साथ गिरफ्तार किया था। बरेली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया ।

# अवन्तीबाई जिला महिला चिकित्सालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

वेलकम इंडिया



**लखनऊ ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवंतिबाई जिला महिला चिकित्सालय में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बोलते हुए अपर निदेशक परिवार कल्याण डॉ. शारदा चौधरी ने कहा कि महिलायें आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं और हर क्षेत्र में पुरुषों को चुनौती दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना, सशक्त होना और अपने अधिकारों को लेकर जागरूक होना बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। महिला स्वस्थ है तो आने वाली पीढ़ियाँ भी स्वस्थ होंगी। महिलाएं परिवार को प्राथमिकता देती हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं देती हैं जिसके परिणामस्वरूप वह एनीमिया और कुपोषण का शिकार हो जाती हैं यदि गर्भवती में खून की कमी है तो होने वाले बच्चे में भी यह समस्या होगी। इसलिए एनीमिया मुक्त भारत अभियान के माध्यम से गर्भवती को आयरन युक्त आहार और आयरण फोलिक एसिड की गोली लेने की सलाह दी आयरन की गोलियां सेवन करने के लिए भी निःशुल्क दी जा रही हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि हर साल यह दिवस किसी न किसी थीम के साथ मनाया जाता है। इस साल इस दिवस की थीम ह्वअूह्ली१ं३ी अू३ङ्गल्लह्व अर्थात कार्यवाही में तेजी यानि कि महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और जागरूकता लाने को लेकर कार्यवाही में तेजी लाने की जरूरत है।

कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक परिवार कल्याण डॉ. नीना वर्मा ने सरकार द्वारा महिला स्वास्थ्य को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रम- जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू पन्त ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ, मंसूर सिद्दीकी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता सक्सेना, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सतीश यादव, डीईआईसी मैनेजर डॉ. गौरव सक्सेना, यूनिसेफ प्रतिनिधि, चिकित्सालय के अन्य चिकित्सक और स्टाफ सहित बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार मौजूद रहे।

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक आयोजित



**कांधला।** नगर के दिल्ली बस अड्डे पर पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकताओं ने फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को आगामी चुनाव को लेकर जीत का मंत्र देकर समीक्षा बैठक आयोजित की इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। शनिवार को बसपा के प्रदेश अध्यक्ष शमसुद्दीन राइन नगर के दिल्ली बस अड्डे पर पहुंचे। पहले से ही बसपा के दर्जनों कार्यकताओं ने उनका फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकताओं को जीत का मंत्र दिया और कहा कि आगामी चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता पार्टी हित के लिए कार्य करें। बसपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं भाजपा एवं सपा पार्टी हिंदू मुस्लिम की राजनीति करती है। बसपा पार्टी दलित पिछड़ा एवं मजदूर व्यापारियों की पार्टी है। कार्यकताओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर अपने काफिले के साथ शामली सिटी ग्रीन प्लेस के लिए रवाना हो गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील जाटव, राकेश पाल, मदनपाल, एहसान मलिक, सुशील कुमार, किरण पाल, अनिल घसौली, देवीदास सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## दुनिया और आखिरत को संवारती है रमजान की इबादत मुफ्ती अमान सिद्दीकी

वेलकम इंडिया



**झांसी।** मुफ्ती मुहम्मद अमान सिद्दीकी मंजरी बानी व सदर सुन्नी नूरी दार उल इफ्ता पेश इमाम मदीना मस्जिद मरकज अहले सुन्नत वल जमात कपूर टेकरी कुरैश नगर ने रमजान का असल मकसद अपने आप को बेहतर इंसान बनाना, समाज की भलाई के लिए काम करना और जरूरतमंदों, कमजोरों और बेसहारा लोगों का सहारा बनना है। इससे खुदा को राजी करके हम एक खूबसूरत माहौल बनाने में, सच्ची इबादत और मदद के साथ जिंदगी जीने में सफल हो सकेंगे।

आलिमों ने कहा कि रोजे रखने का असल मकसद महज भूख-प्यास बर्दाश्त करना नहीं है, बल्कि रोजे की रूह दरअसल नफ्स पर काबू, अल्लाह के तरीके पर अकीदत से जकात और सदके की हिदायत उन लोगों की मदद का जरिया है जो आर्थिक तंगी से खस्ताहाल जीवन गुजार रहे हैं।

मुफ्ती मुहम्मद अमान सिद्दीकी मंजरी ने हदीस के हवाले से बताया कि जिस तरह हर मुसलमान के लिए रोजों को फर्ज किया गया है, उसी तरह हर संपन्न मुस्लिम पर सदका और जकात लाजिमी है, ताकि रमजान की रौनक से गरीबों की मदद हो सके। खुद को खुदा की राह में इबादत के लिए लगाना पाक महीना माह-ए-रमजान न सिर्फ रहमतों और बरकतों की बारिश करता है, बल्कि समूची इंसान की कौम को प्यार, भाईचारे और इंसानियत का भी पैगाम देता है। इस पाक महीने में अल्लाह अपने बंदों पर रहमतों का खजाना लुटाता है और भूखे-प्यासे रहकर खुदा की इबादत करने वालों के गुनाह माफ हो जाते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया जागरूक

वेलकम इंडिया




**कांधला।** नगर के बाईपास मार्ग पर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जागरूक किया।

शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिला दिवस के अवसर पर अफकार टीम के द्वारा महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम का संचालन अफकार इंडिया फाउंडेशन की कार्यकर्ता यासमीन ने बताया कि किस तरह एक दूसरे से प्रेरणा लेकर दूसरों के लिए प्रेरणा बनकर काम कर सकती है। महिलाओं में अपना हक पाने के लिए इसकी शुरूआत लगभग 100 साल पहले अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर से 1908 में की थी उन्होंने मजदूरी में काम के घंटे, काम का समय, काम का वेतन, साप्ताहिक छुट्टी आदि से की थी सिर्फ की मांग से की थी जो आगे चलकर बड़ा आंदोलन बन गया। हदीसा और हारून निशा ने बताया कि महिलाओं को अपनी समझ विकसित करने की आवश्यकता है और साथ ही साथ अपना ध्यान शिक्षा की ओर ले जाने की जरूरत है हमें अपना बोलने का लहजा और तरीका बदलने की जरूरत है जिससे हम अपनी बात अपना हक मांगने के लिए कर सके और बिना डरे हुए अपनी जरूरत को पूरा करते हुए दूसरों को उस रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित कर सके। आमना ने बताया कि हमें मजहबी शिक्षा के साथ-साथ दुनिया की तालीम लेने की भी जरूरत है जिससे कि हम दुनिया के साथ खड़े हो सके और उसके साथ साथ चल सके अपनी बात दुनिया के सामने रख सके। अफकार इंडिया फाउंडेशन संस्था के निदेशक अकरम अख्तर ने महिलाओं को अत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार के द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी एवं हिंसा से बचने की जानकारी दी। इस दौरान बिलाल अहमद, राहुल कुमार, यासमीन, आशिया खान, रूपक कुमार, अनम जंग, और मंदागनी, फिरदौस, डॉ इरफान, आमना, संगीता, मेहरुन्निशा, साबिया, शहीद दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

## सामूहिक विवाह समारोह में 165 जोड़ों ने थामा जनम जनम के लिए एक-दूजे का हाथ

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला बीएसए कार्यालय के बगल स्थित प्रागंण में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में शनिवार को सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेन्द्र प्रताप सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला श्रमिकों ने किया विरोध

वेलकम इंडिया



**पटना।** बांका में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय क्षेत्र में सैकड़ों महिला श्रमिकों ने अपनी जायज मांगों को लेकर एकजुट होकर आवाज बुलंद की। सैलरी से वंचित श्रमिकों ने अपनी समस्याओं को प्रशासन और संबंधित विभाग के समक्ष रखने का संकल्प लिया और न्याय की गुहार लगाई।

महिला श्रमिकों ने बताया कि वे लंबे समय से अपने परिश्रम का उचित भुगतान न मिलने के कारण आर्थिक संकट का सामना कर रही हैं। इस मुद्दे पर हुई चर्चा के दौरान सभी ने एक स्वर में अपने मेहनताने का हक पाने की मांग की और प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की अपील की। इस अवसर पर जवाहर कुमार झा, श्री बिनय कापरी, श्री सुरेश यादव, श्री दिवाकर झा (प्रखंड इंटक अध्यक्ष, बौंसी), श्री हारवेसर राम (रिक्शा-ठेला यूनियन अध्यक्ष, बौंसी), श्री मनोज कुमार (सफाई कर्मी मजदूर इंटक संघ, बौंसी), श्री गौतम हरिजन, श्री प्रदीप कुमार, श्री पवन कुमार, श्रीमती झीना देवी, श्रीमती पूनम देवी, श्रीमती प्रियंका देवी सहित इंटक से जुड़े सभी कर्मियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने नारी शक्ति की इस एकजुटता को सलाम किया और उनके संघर्ष में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

यह आंदोलन महिलाओं की बढ़ती जागरूकता और उनके अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

# शिक्षक संघ ने दिवंगत शिक्षक मोहम्मद सगीर को दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर निवासी शिक्षक मोहम्मद सगीर जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक धौरहरा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे, जिनका यहां 02 मार्च को हार्ट अटैक के चलते निधन हो गया, शनिवार को शिक्षक संघ के नेता धौरहरा(लखीमपुर खीरी) से दिवंगत शिक्षक मोहम्मद सगीर के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। संघ के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शिक्षकों ने उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण को भी याद किया।

नगर के मोहल्ला यूसुफ निवासी हाजी मोहम्मद सगीर (55) जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक धौरहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे।दो मार्च को हार्ट अटैक के चलते उनका यहां घर पर ही आकस्मिक निधन हो गया।

शनिवार को उनकी तैनाती के ब्लॉक धौरहरा, लखीमपुर खीरी से शिक्षक संघ के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल यहां नगर स्थित दिवंगत शिक्षक के घर पहुंचा और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। संघ के पदाधिकारियों ने दिवंगत शिक्षक के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद शिक्षक संघ के नेता दिवंगत शिक्षक के स्थानीय साथियों से भी मिले और उनके साथ मोहम्मद सगीर के व्यक्तित्व एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। उन्होंने कहा कि दिवंगत शिक्षक अपने कर्तव्यों और दायित्वों का बड़ी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करते थे। वे अपने सहयोगियों और विद्यार्थियों के प्रति सदैव समर्पित रहे। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वे एक आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने अपने शिक्षण कार्य में निष्ठा और ईमानदारी का परिचय दिया। उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

इस अवसर पर लखीमपुर खीरी से अध्यक्ष औरभ मिश्रा सहित अपनेश चन्द्र वर्मा, रजी अहमद, आशीष त्रिवेदी, प्रियंक त्रिपाठी, सौरभ गुप्ता, सुरजीत यादव और शशि प्रकाश पांडेय समेत स्थानीय साथियों में पालिका अध्यक्षपति हाजी सरफराज आलम, सईद रहमानी,मोहम्मद तनवीर , लईक सैफी, नावेद रहमानी, एम सगीर सभासद, मेराजुल इस्लाम सभासद, मास्टर इकराम, मोहम्मद शफीक सभासद समेत बिट्टू, शोएब आलम अब्दुल अलीम ठेकेदार और मास्टर तस्लीम आदि मौजूद रहे।

# पक्की सड़क न बनाने पर ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

वेलकम इण्डिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम रसूलपुर से सेमरा तक बार-बार पक्की सड़क की मांग के बावजूद भी जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को

सुनवाई नहीं हो रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों व राहगीरों ने अप्रैल माह में विशाल धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। उक्त बातें नवयुवक ग्राम विकास समिति के संरक्षक व समाजसेवी रामवृक्ष गुप्ता व जंग बहादुर चौधरी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर मांग की है।

आपको बता दें कि क्षेत्र के दर्जनों से अधिक गांव के लोगों को झकहिया व बढ़नी जाने के लिए तमाम तरह की परेशानी का सामना करना पड़ता है। नव युवक ग्राम विकास समिति के संरक्षक व समाजसेवी रामवृक्ष गुप्ता, जंग बहादुर चौधरी, विकास गुप्ता, नारद गौतम, कमलेश यादव, अली हुसैन, चंचल मिश्रा सहित आदि लोगों का कहना है कि लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क पक्की ना बनने के कारण आस-पास के तमाम गांव के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि शासन की मंशा है कि हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ दिया जायें।

वहीं लोगों का कहना है कि जल्द इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई तो हम क्षेत्रीय जन इस समस्या को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# आठवीं तरावीह में मुकम्मल हुआ कुरान-ए-करीम





**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के जिला मुख्यालय से करीब दस बारह किलोमीटर की दूरी पर स्थिति ग्राम पंचायत देवलहवा ग्राट मे मस्जिद पर शनिवार को तरावीह में कुरान-ए-करीम मुकम्मल हुआ। हाफिज अमन ने आठ दिन में कुरान पाक के तीस पारे सुनाए। आठ दिन के तरावीह में कुरान ए करीम मुकम्मल हो गया। इसके बाद कुल शरीफ पढ़ा गया। हाफिज अमन ने तिलावत से आगाज किया। इसके बाद सलाम पढ़ी गईं। हाफिज अमन ने बताया यह अशरा रहमत का है। इसमें अल्लाह अपने बंदों पर रहमत की बारिशें करता है। नूरुल खां, बब्बू खां, मोहम्मद रफीक, आफताब कमाल खान, ताहिर खां जवाहिर खां ने शुक्रिया अदा किया। ताहिर खां, जवाहिर खां, बब्बू खां, आफताब कमाल खान, रफीक, सोनू , इरान आदि रोजेदार मौजूद रहे।

# मनरेगा के नाम पर सरकारी धन की मची लूट, बढ़नी ब्लाक बना भ्रष्टाचार का सिरमौर

**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** मनरेगा के नाम पर सरकारी धन की लूट मची हुई है जिसको लेकर विकास खण्ड बढ़नी मनरेगा भ्रष्टाचार का सिरमौर बना हुआ है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत जुगडिहवा में रामदेव के घर से सोतवा नाले तक कुला का खोदई का कार्य कागजी आंकड़े में लगभग 130 मजदूर चल रहे है, लेकिन फोटो से फोटो का हाजिरी भी फर्जी लगा है, लेकिन मौके पर सिर्फ 10 लोग दिखाई दे रहे है। श्रमिक मजदूर दशमलव प्रतिशत में भी नही हैं। यह सिद्धार्थनगर का विकास खण्ड बढ़नी है साहब, यहां तीन का तेरह नहीं तीन सौ बनाया जाता है। उदाहरण के तौर पर ग्राम पंचायत जुगडिहवा सहित तमाम ग्राम पंचायतों में फर्जी तरीके से श्रमिको का एक ही फोटो को अलग-अलग एंगल से खींचकर और फोटो से फोटो बनाकर लगातार आनलाइन हाजिरी लगाई जा रही है। आधुनिक तकनीक और इतनी सख्ती के बाद भी भ्रष्टाचारी अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे है।

# शांति समिति की बैठक: पुराने स्थानों पर ही करे होलिका दहन : एसडीएम



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** आगामी होली का त्योहार व पवित्र रमजान माह को देखते हुए होली का त्योहार आपसी भाईचारा एवं शांति सौहार्द के साथ मनाएं। शनिवार को बिस्कोहर नगर स्थित पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक एसडीएम इटवा कुणाल व सीओ डुमरियागंज बृजेश कुमार मौर्या की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर एसडीएम कुणाल ने कहा कि होलिका दहन पुराने स्थानों पर ही जलाएं, कोई नई परंपरा लागू न करें। ऐसा करने वालों पर नजर होगी। सीओ बृजेश कुमार मौर्या ने कहा कि किसी पर जोर जबरदस्ती से गुलाल या रंग न लगाए। जबरन रंग लगाने वालों पर कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक ने कहा कि हमारा एवं सभी का दायित्व बनता है कि आगामी त्योहार आपसी भाई चारे के साथ प्रेम पूर्वक मनाएं। इस अवसर पर चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह, लेखपाल सच्चिदानंद मिश्रा, सलाहुद्दीन खा, मोइद खा , सभासद निपेंद्र सिंह, मनीष जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# झारखंडी बाबा मंदिर से श्री श्याम द्वितीय निशान पद यात्रा का विधिवत रुप से हुआ शुभारंभ

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव मौहरसा स्थित झारखंडी बाबा मंदिर से श्री श्याम द्वितीय निशान पद यात्रा का विधिवत शुभारंभ हुआ जिसका मनौना धाम पर समापन होगा।आज सुबह करीब नौ बजे श्री श्याम परिवार मंडल समिति मौहरसा के तत्वावधान में विधिविधान के साथ शुरू होकर मुख्य मार्गों से होती हुई बामनपुर,खालकपुर से होकर अनूपशहर के लिए रवाना हुई।

# प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम पंचायत भवन में महिला दिवस पर 15 महिलाएं सम्मानित



वेलकम इण्डिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद क्षेत्र के प्रधानमंत्री सांसद आदर्श ग्राम सभा पूरे स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला यूनिवर्सिटी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी सेवापुरी प्रतिभा मिश्रा द्वारा 15 महिलाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने महिला दिवस को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की भूमिका देश में अहम है ग्राम प्रधान से लेकर प्रधानमंत्री तक के पद पर महिला रहकर गांव और देश के विकास की बागडोर का संचालन कर चुकी है इस अवसर पर सफाई कर्मचारी महिला, पुलिस, सामाजिक कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिक्षिका सहित 15 महिलाओं को मुख्य अतिथि में सम्मानित किया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान गुजराती मौर्य एवं संचालन सहायक अध्यापक का निशा जायसवाल ने किया।

# होली-जुमे को लेकर शांति समिति की बैठक में पीस कमेटी और मिडिया की अनदेखी

वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** होली व जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को थाने में हुई शांति समिति की बैठक पीस कमेटी के लोगो की उपस्थिति के अभाव में औपचारिक बनकर रह गई। इतना ही नहीं थानाध्यक्ष द्वारा मिडिया को भी इस बैठक की सूचना देना गंवारा नहीं समझा गया।

शुक्रवार को थाना परिसर में उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया की मौजूदगी में होली व जुमे की नमाज को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। थाने में आयोजित होने वाली शांति समिति की बैठक में अक्सर पीस कमेटी को दूर रखा जाता है। इस बार भी पीस कमेटी को इस बैठक की सूचना से वंचित रखा गया। जिसके परिणामस्वरूप पीस कमेटी के सदस्यों के अभाव में यह बैठक औपचारिक बनकर रह गई।

अक्सर देखा गया है कि पुलिस कर्मियों द्वारा कुछ चापलूस लोगों, करीबी प्रधानों व युवा व्यापारियों को बुलाकर बैठक की औपचारिकता पूरी की जाती है। यहां तक नगर व आसपास के गुरुद्वारों के ग्रंथियों, मंदिर के पुजारियों एवं गणमान्य लोगों को भी बैठक की सूचना नहीं दी जाती है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज का कहना है कि इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक से बात की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन : सोमपाल सिंह



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** देवता महाविद्यालय मोरना में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वच्छता एक्शन प्लान के अंतर्गत विशेष स्वच्छता कार्यशाला एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सोमपाल सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं संचालन डॉ देवेंद्र कुमार ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ सोमपाल सिंह, महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं प्राचार्य लोकवीर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ सोमपाल सिंह ने स्वच्छता अभियान प्लास्टिक मुक्त अभियान पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं अपने आस पड़ोस के लोगों को इस बात के लिए जागरूक करेंगे कि हम अपने-अपने घर में किया हुआ कोई भी उपयोग के बाद बचा हुआ सामान को गली में नहीं फेंकेंगे। उसको अपने घर के कूड़ेदान में रखेंगे और नगर पालिका या गांव में प्रधान ने जो कूड़े का स्थान निश्चित किया है वहीं पर जाकर कूड़ेदान में डालेंगे। महाविद्यालय के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ लोकवीर सिंह ने भी स्वच्छता के ऊपर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओ ने एक विशाल रैली निकाली, देवता महाविद्यालय के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह एवं डॉ सोमपाल सिंह कार्यक्रम समन्वयक ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ रशीद खान, कैप्टन डॉ सुनीता सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ अजीत कुमार, डॉ शोभना गहलोत डॉ अमित कुमार एवं स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# महिलाओं को किया सम्मानित



वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ।** क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं बीसी सखियों को एल-1 डिवाइस का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक दयाराम यादव ने लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता एवं समानता का अवसर देने की बात कही एवं बेटा-बेटी को एक समान अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। एलडीएम गोपाल शेखर झा ने दीदियों को सीसीएल से प्राप्त ऋण के माध्यम से विभिन्न रोजगार करने के लिये प्रेरित किया एवं कहा जब महिला के हाथ में पैसा आयेगा तो वह सशक्त होगी, इसलिये बिना संकोच के रोजगार शुरू करे। जिला मिशन प्रबन्धक सुमन पाण्डेय द्वारा महिलाओं को सक्षम बनाने एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिये प्रेरित किया। डीआरपी महेश नारायण मिश्र द्वारा आजीविका मिशन की उपसमितियों द्वारा महिलाओं को हर क्षेत्र में सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी ने पर्यावरण को सुरक्षित करने एवं महिला सुरक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचावलन संस्थान के प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी प्रेम कुमार वर्मा ने किया।

# बुगरासी में मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या से परेशान नगर वासियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बुगरासी।** नगर वासियों ने नगर के मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या को लेकर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर गुस्से का इजहार किया। नगर वासियों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार नगर में जल निकासी की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। नगर वासियों का कहना है कि घंटाघर, इंडियन बैंक और एटीएम और परचून की दुकान के सामने मुख्य सड़क पर घरों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी के लिए समुचित व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे साल के बारह महीने सड़क पर जल भराव रहता है। बरसात के दिनों में सड़क पर कई फीट तक पानी भर जाता है। रास्ते से गुजरने वाले लोग कभी-कभी गंदे पानी में गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

# बीडीसी भाइयों को भी मानदेय और अपनें क्षेत्र में काम मिलें : विधायक विनय वर्मा

वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़.के दुग्धशाला सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता शोहरतगढ़ ब्लाक प्रमुख प्रीती यादव ने की जबकि संचालन सचिव राम सिंह ने किया। बैठक के दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शोहरतगढ के विधायक विनय वर्मा रहें। बैठक में शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य व समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहें। बैठक का पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए एजेण्डे में शामिल विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 18.82 करोड़ के बजट का प्रस्ताव भी रखा गया।

बैठक में गांव के विकास कार्यों को लेकर कुल छह बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। साथ ही विकास खण्ड में संचालित समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। गांव में स्वच्छ पेयजल, निःशुल्क बोरिंग, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के तहत पात्र और समाज के अन्तिम व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ देने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आपसी सामंजस्य बनाकर सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं पर सहयोग करें। विधायक ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समस्याओं कों सुनते हुए कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी से मांग करुंगा कि बीडीसी भाइयों को भी मानदेय और अपनें क्षेत्र में काम मिलें। बैठक में मौजूद एमएलसी प्रतिनिधि डॉ0 पवन मिश्र ने कहा कि भाजपा की सरकार ग्राम सभाओं के विकास में एक नया आयाम स्थापित कर रही है। यह बैठक गांव व क्षेत्र के विकास के कार्ययोजना व बजट पारित के लिए किया जाता है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने कार्य का प्रस्ताव जरूर दें। ब्लाक प्रमुख प्रीती यादव ने कहा कि क्षेत्र में ग्राम सभाओं का विकास क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधान के माध्यम से किया जायेगा। विकास खण्ड शोहरतगढ के विकास के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह, एडीओ पंचायत मोहनलाल, एडीओएजी राजीव सिंह, सीडीपीओ अभय प्रताप सिंह, डाक्टर ए0के0 आजाद, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, सचिव राम स्वरूप गुप्ता, अजय भारतीय, लिपिक राकेश बाबू, मुस्ताक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार यादव, प्रधान पंकज चौबे, शिवशंकर चौधरी, रामदास, पिन्टू पटेल, प्रदीप कमलापुरी, रामू सहानी, अजय चौधरी, रामदास मौर्या, विष्णु सिंह, श्रवण जयसवाल, सुबास यादव, पवन कुमार, ओमप्रकाश यादव, अवनीन्द्र चौधरी, गंगाधर मिश्रा, अजय मिश्रा, कमलेश दूबे, संजय मिश्रा, कलीम, दुर्गा पाण्डेय, सर्वजीत यादव सहित तमाम ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहें।





# भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह भाजपाईयों ने कहा महिलाओं के सम्मान को भाजपा ही संकल्पित




**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री भाजपा-सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर रही। मुख्य अतिथि ने महिला दिवस पर बोलते हुए कहा कि महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है यह दिन समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दशार्ता है, महिला दिवस का दिन महिलाओं की समानता, अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है, प्रथम बार महिला दिवस वर्ष 1909 में संयुक्त राज्य अमेरिका में मनाया गया था जोकि लैंगिक समानता और महिला अधिकारों पर केंद्रित है, महिला सशक्तिकरण के लिए जितना कार्य भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा किया गया है उतना कार्य पिछले 70 वर्षो में भी नहीं हुआ है, चाहे वो महिलाओं को सम्मान दिलाने वाले 3 तलाक बिल हो या उनको समान अधिकार दिलाने वाला महिला आरक्षण बिल हो भाजपा सरकार में महिलाऐं सबसे ज्यादा सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनी है। हाथरस सांसद अनूप प्रधान बाल्मीकि ने महिला दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को देवी का रूप कहा जाता है आज से नहीं बल्कि सदियों से भारत में महिलाओं की पूजा की जाती है यहाँ पर बल के लिए माँ दुर्गा, धन के लिए माँ लक्ष्मी और बुद्धि के लिए माता सरस्वती की पूजा करने की परम्परा है, आज भी महिलाओं के बिना समाज की कोई कल्पना नहीं की जा सकती है।

सिकंदरराऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि समाज में महिलाओं का योगदान हो या फिर आर्थिक क्षेत्र में उनकी तरक्की वह हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कन्धा मिलाकर आगे बढ़ रही है इसीलिए हर वर्ष महिलाओं के हौसले को बढाने के लिए, उनके देश और दुनिया की तरक्की में योगदान करने के लिए और उनकी सराहना करने के लिए महिला दिवस मनाया जाता है` भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन में कहा कि आज हम सभी यहां अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एकत्रित हुए है, मैं उपस्थित सभी सम्मानित महिलाओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ, यह दिन महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, महिला दिवस का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है, महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान हो। नारी केवल एक शब्द नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है, वह जीवन दायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली अग्रणी महिलाओं को प्रतीक चिन्ह एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

**यह रहे शामिल :** कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख पूनम पाण्डेय, रामेश्वर उपाध्याय, कुसुमा देवी मदनावत, सत्यपाल सिंह मदनावत, रामवीर सिंह परमार, सुनीता वर्मा, हरिशंकर राना, रुपेश उपाध्याय, अविनाश तिवारी, अनिल सिसोदिया, भूपेंद्र कौशिक, अखिलेश गुप्ता, हरीश सेंगर, मीरा माहेश्वरी, सुचेता जोन, शालिनी पाठक, लीलावती पुंडीर, पूनम शर्मा, मीरा दीक्षित, माधवी, दीप्ती अग्रवाल, प्रज्ञा वार्ष्णेय, पवित्रा शर्मा, इंदु, सुमन शर्मा, नीतू तौमर, मीरा पाठक, रुपाली सिंह, पूनम सिंह, रितु गौतम, मनु दीक्षित, दीक्षा अग्रवाल, पम्मी, साधना, अनुज चौधरी, भीकम सिंह चौहान, तपन जौहर, सूरज शाह, सुनील सिंह, गजेन्द्र सिंह, योगेश कुमार, स्मृति पाठक, अरुण चौधरी, सोनिया नारंग, चरन सिंह सागर, कृष्ण मुरारी वार्ष्णेय, मनोज सोनी आदि सैकड़ों महिला एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन जिला महामंत्री प्रीती चौधरी ने किया।

# दीवान वी एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटशंस, मेरठ के पूर्व छात्रों ने कॉलेज के दिनों को किया याद, कॉलेज की बेहतरी में सहयोग देने की बात की



**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** सतरंगी छटाएं बिखेरता दीवान वी एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटशंस, परतापुर बाई पास, मेरठ का खूबसूरत मंच, पुरानी दोस्ती को दोबारा जीने की तमन्ना लिए इधर-उधर तलाशती निगाहें, गुजरे वक्त की सुनहरी यादों को जिंदा कराता पुराना कॉलेज कैंपस और गीत-संगीत, शेरो शायरी और किस्सों में हंसी के ठहाके।

इन सब यादगार पलों को सहेजे दीवान वी एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटशंस, में जब एल्युमिनाई मीट हुआ तो लगा ही नहीं कि जैसे छात्र सालों बाद एक-दूसरे से मिल रहे हों। एल्युमिनाई मीट में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के चेयरमैन विवेक दीवान, संस्थान के कार्यकारी निदेशक कर्नल (डॉ.) नरेश गोयल, संस्थान की सलाहकार डॉ. श्रुति अरोड़ा, संस्थान के निदेशकगण डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. शिल्पी बंसल, , डॉ. शुचि शर्मा, डॉ. विन्की शर्मा, डॉ. साहिल गुलाटी, डॉ. मुनेन्द्र कुमार और डॉ. श्वेता शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। आयोजन की समन्वयक डॉ शिल्पी बंसल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सभी विभागाध्याक्षो ने पुरातन छात्रों का स्वागत किया। सन्स्थान के चेयरमैन विवेक दीवान ने सभी पूर्व व वर्तमान छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि जो सुझाव मिले हैं उन पर अमल किया जाएगा क सन्स्थान के कार्यकारी निदेशक कर्नल (डॉ.) नरेश गोयल ने कहा कि हमारे बीच मौजूद पूर्व छात्रों को देखकर मुझे अत्यंत गौरव की अनुभूति हुई। उनका जोश, सानिध्य और मार्गदर्शन हमारे लिए बेहद सौभाग्य का विषय रहा। अगले वर्ष इसका आयोजन दोगुने उत्साह से किया जाएगा। सन्स्थान की सलाहकार डॉ. श्रुति अरोरा ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि यह एल्युमिनाई मीट अपने आप में खास रहा। हमने अपने कॉलेज समय को दोबारा जिंदा किया। रोजमर्रा की भागदौड़ से निकल कर आज हम दोस्तों के बीच और दोस्तों के लिए यहां आए हैं। हर साल इस आयोजन को और बेहतर करने का प्रयास किया जाएगा क उन्होंने यह भी कहा कि स्टूडेंट्स के सहयोग से ही संस्थान नई उपलब्धियों को प्राप्त कर सकता है। कनौजिया इवेंट्स के कलाकारों के गीतों और प्रस्तुतियों पर श्रोताओं की खूब तालियां मिलीं। इसके साथ ही भोजन की व्यवस्था भी की गई। एल्युमिनाई मीट में ओपन माइक का समय मौज-मस्ती से भरा रहा पूर्व छात्रो ने अपने समय के कुछ गुद्गुनाने वाले क्षणों को साँझा किया तो लोग बरबस हंस पड़े और प्रेरणा देने वाले क्षणों को साँझा किया तो लोग गुरुजनों के प्रति आदर से भावुक हो गए।

# सोने की दुकान से दो महिलाओं ने उड़ाए सोने के आभूषण



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** थाना मीरगंज रोड स्थित महेन्द्र कुमार ज्वैलर्स नामक आभूषण की दुकान से दो अज्ञात महिलाएं सोने की नाक की लौंग चोरी कर फरार हो गईं। चोरी की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर पर कैद हो गई। दुकान के मालिक अशोक कुमार रस्तोगी निवासी अब्दुल्लापुर थाना मिलक जिला रामपुर ने जानकारी देते हुए बताया है कि 4 मार्च 2025 को शाम 4:48 बजे दो महिलाएं उनकी दुकान पर आईं और नाक की लौंग देखने के बहाने 6 पत्ते मंगवाए। काफी देर तक देखने के बाद वे बिना खरीदे चली गईं। जब 7 मार्च दुकान पर लौंगों की गिनती की गई, तो पाया गया कि एक पूरा पत्ता गायब है, जिसमें करीब 15 सोने की लौंग थीं। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो पता चला कि वारदात के दौरान महिलाएं बड़ी चालाकी से एक पत्ता चोरी कर ले गईं। पीड़ित ज्वैलर्स ने तुरंत कोतवाली मीरगंज में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# आगरा के नये डीसीपी सिटी बने सोनम कुमार. पुलिस कमिश्नर ने सौंपा चार्ज,डीसीपी पूर्वी का जोन भी बदला

**वेलकम इंडिया**


**आगरा।** आगरा के नये डीसीपी सिटी सोनम कुमार को बनाया गया है. तीन दिन पहले डीसीपी सिटी सूरज राय का तबादला मेरठ 6वीं वाहिनी पीएसी सेना नायके के पद पर हुआ था जिसके बाद आगरा में डीसीपी सिटी का चार्ज खाली थी. शनिवार को पुलिस कमिश्वर जे रविद्र गौड़ ने सोनम कुमार को नया डीसीपी सिटी नियुक्त किया है. इससे पहले सोनम कुमार डीसीपी पश्चिम का चार्ज संभाल रहे थे, इनके अलावा डीसीपी पूर्वी के जोन को भी बदला गया है. अतुल शर्मा को पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन की जगह पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन का चार्ज दिया गया है वहीं सैयद अली अब्बास को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय से पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन का चार्ज दिया गया है. सैयद अली अब्बास को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय का अतिरिक्त् प्रभार भी दिया गया है।




# इस बार प्रेरणा पोर्टल से होगा प्राप्तांकों का निर्धारण

**बरेली।** इस बार बेसिक की परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य आसान नही होने वाला है, जानकारों का मानना है कि परीक्षाओं के बाद उत्तर पुस्तिकाएं तो जाँच ली जायेगी, और ऑफलाइन परीक्षाफल भी तैयार कर लिया जायेगा, लेकिन रिजल्ट के लिए शिक्षकों को काफी मशक्कत करनी होगी, क्योंकि माना जा रहा है इस बार रिजल्ट के लिए शिक्षकों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत प्रेरणा पोर्टल के जरीये प्राप्तांकों का निर्धारण होगा, जिसके चार चरण होंगे। प्रथम सत्र परीक्षा, अर्ध वार्षिक, द्वितीय सत्र परीक्षा और वार्षिक परीक्षा तब जाकर छात्र छात्रा की रिजल्ट तैयार हो पायेगा। इस कार्य में शिक्षकों को काफी मशक्कत करनी होगी।

# बरेली कॉलेज छात्रावास में बड़ी चोरी, 80 पंखे और अन्य सामान गायब



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बरेली कॉलेज के आजाद छात्रावास में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने 80 पंखे, चार बड़े भगौने, दो कड़ाही और अन्य जरूरी सामान चुरा लिया। इससे पहले भी कॉलेज में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इस बार हुई चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। कॉलेज प्रशासन की ओर से चोरी की शिकायत पुलिस से अभी नहीं की गई है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि कॉलेज परिसर में निजी सुरक्षा एजेंसी तैनात होने के बावजूद चोरियां कैसे हो रही हैं। कॉलेज कर्मचारी जितेंद्र मिश्रा ने इस घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि

जब से कॉलेज में प्राइवेट सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं, तब से चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसा लगता है कि यह चोरी कोई अंदर का ही व्यक्ति कर रहा है। वहीं एक अन्य कर्मचारियों ने कहा है कि छात्रावास के आसपास असामाजिक तत्वों की गतिविधियां भी बढ़ी हैं। देर रात तक संदिग्ध लोगों की आवाजाही देखी गई है। कुछ नेता भी युवतियों के साथ देर रात को कॉलेज में देखे जाते हैं।

# जिस आनंद को आप खोज रहे हैं, वह बाहर नहीं, आपके अंदर मौजूद : प्रेम रावत

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मिजार्पुर।** अंतर्राष्ट्रीय लेखक प्रेम रावत और भारतीय लेखक विपुल रिखी ने एक साथ सबसे बड़े ह्यएक से अधिक लेखक पुस्तक वाचनह्व का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।



मिर्जापुर में राज विद्या केंद्र द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में 1,33,234 लोगों की विशाल समूह को संबोधित किया। यह संख्या जे.के. रोलिंग और कनाडा के दो लेखकों द्वारा वर्ष 2000 में बनाए गए 20,264 लोगों के पिछले रिकॉर्ड से लगभग 1,13,000 अधिक है। प्रेम रावत जो न्यूयॉर्क टाइम्स के बेस्टसेलिंग लेखक हैं और ₹₹स्वयं की आवाज₹ जैसी चर्चित पुस्तक लिख चुके हैं उन्होंने अपनी नई पुस्तक ₹श्वास : जीवन के प्रति जागरूक होंं₹ के अंश पढ़े। यह पुस्तक अंग्रेजी में पैन मैकमिलन और हिंदी में हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंनें अपनी पुस्तक से पढ़ कर सुनाया किः ह्लश्वास आपके अंदर आती है और आप जीवित रहते हैं। जो शक्ति पूरे ब्रह्मांड में व्याप्त है, वही श्वास के रूप में आपके अंदर आती है और आपको जीवन देती है। जो अविनाशी है, अनंत है उसको महसूस करें। और जब आप उससे जुड़ जातें हैं, उस पल यह श्वास अनंत हो जाती है। अंदर की ओर मुड़िए, इस श्वास को महसूस कीजिए। यही सबसे अविश्वसनीय चमत्कार है। जिस आनंद को आप खोज रहे हैं, वह बाहर नहीं, बल्कि आपके अंदर मौजूद है। इस आयोजन में विपुल रिखी ने भी अपनी पुस्त (ड्रंक ऑन लव) कबीर की रचनाओं की काव्यात्मक व्याख्याह्व, के अंश पढ़े। यह पुस्तक भी हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। उन्होंने कबीर के इस दोहे का अनुवाद सुनाया। स्वांस स्वांस में नाम ले विरथा स्वांस मत खोये, ना जाने इस स्वांस का फिर आवन होये ना होयेह्व हर साँस में उसके नाम को याद करो, एक भी साँस व्यर्थ न जाने दो। कौन जानता है कि अगला पल आएगा या नहीं, अगली साँस मिलेगी या नहीं।

# भव्य एव आकर्षक निकाला जायेगा मेला, श्री गणगौर महाराज जी मेले की टीम का किया स्वागत और सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** श्री गणेश सेवा मित्र मंडल द्वारा श्री गणगौर महाराज जी मेले के अध्यक्ष भरत वर्मा एवं उनकी संपूर्ण टीम का स्वागत एव सम्मान किया गया। श्री गणेश सेवा मित्र मंडल द्वारा मेले को भव्य आयोजन में पूर्ण सहयोग का वादा भी किया। इस अवसर पर गणगौर महाराज जी मेले के अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि इस वर्ष भव्य एव आकर्षक मेला निकाला जायेगा। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से सहयोग की अपील करते हुये कहा कि सभी मेले में पधारें जिससे इस पावन अवसर को और भी शुभ व मंगलमय बनाया जा सके है। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि यह मेला भक्तों के लिए सुख-समृद्धि एवं आनंद प्रदान करें। श्री गणेश सेवा मित्र मंडल के अध्यक्ष मनीष कूलवाल ने मेला अध्यक्ष एव उनकी पूरी टीम का स्वागत कर हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मनीष कूलवाल, राहुल कूलबाल, भगवान वर्मा, दिवाकर वर्मा, रबि वर्मा, सायम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण में थाना हाथरस जंक्शन पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए दो वाहन चोर को जलेसर रोड वरवाना चौराहे से आगे जलेसर की तरफ से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल बरामद की है। अभियुक्त सौरभ पुत्र हरिशचन्द्र लोधे राजपूत निवासी ग्राम वछाकर और जितेन्द्र पुत्र सरदार सिंह लोधे राजपूत निवासी ग्राम नगला वाले थाना अवागढ एटा के खिलाफ दर्ज किया है।

# एडीएचआर जिला कार्यकारिणी का गठन, उपवेश कौशिक जिलाध्यक्ष, शैलेंद्र जिला महासचिव, कमलकांत जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** एडीएचआर हाथरस जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया ? जिसमें उपवेश कौशिक जिलाध्यक्ष, शैलेंद्र सांवलिया जिला महासचिव, कमलकांत दोबरावाल जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक हयूमन राइट्स की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक अलीगढ़ रोड स्थित रेस्टोरेंट पर सम्पन्न हुई। बैठक मे आगामी दो वर्ष के लिए हाथरस जिला कार्यकारिणी का चुनाव राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय व राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल की देखरेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिला अध्यक्ष डा.पीपी सिंह ने अपने कार्यकाल का व्यौरा सदन के समक्ष रखा। सभी ने जिला अध्यक्ष के रूप में डा.पी.पी.सिंह के कार्यकाल में हुए जनपद में कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरी टीम ने जनपद में काफी सराहनीय और प्रेरणादायक कार्य किया हैं सभी स्तरों पर सराहनीय व महत्वपूर्ण कार्य हुए डा.पीपी सिंह ने अपने कार्यकाल मे दिये गए सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया। गामी दो वर्ष की कार्यकारिणी के लिए सदन ने सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के रूप में उपवेश कौशिक, जिला महासचिव शैलेन्द्र सांवलिया, जिला कोषाध्यक्ष कमलकांत दोबरावाल को ध्वनिमत से चुनकर चुनाव संपन्न कराया। नवीन जिला कार्यकारिणी को सभी ने दुपट्टा व फूल माला पहनाकर जोशीला स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय व राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र गोयल ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी पिछले कार्यों के अनुभवों का लाभ लेते हुए आगामी दो वर्ष में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर जनपद का नाम रोशन करेगी और अपने कार्यों से समाज में एक नई दशा और दिशा तय करेगी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक ने कहा कि मैं अपनी संपूर्ण जिला कार्यकारिणी का जल्द से जल्द गठन करने व तहसील की टीमों का भी पुनर्गठन करेंगे साथ-साथ आपको यह भी विश्वास दिलाता हूं कि हम सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों और जिले में सभी साथियों का सहयोग लेकर एडीएचआर के कार्यों को नित नई ऊंचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ साथ आप सभी सदन में उपस्थित पदाधिकारियों का नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद करते हैं। बैठक में नवीन गुप्ता, अनिल अग्रवाल, राजेश वार्ष्णेय, कौशल किशोर गुप्ता, राकेश किशोर गॉड, संजीव वार्ष्णेय, अजय गुप्ता, मदनलाल वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय, विजय वार्ष्णेय, दिलीप वार्ष्णेय, भानुप्रकाश वार्ष्णेय, केशवदेव अरोड़ा (डब्बू), मुरारी चौधरी, शैलेश अग्रवाल, कमलकांत वार्ष्णेय, बालप्रकाश वार्ष्णेय, रवि गुप्ता, अमित गर्ग, आयुष अग्रवाल, अनिल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर द्वारा गिन्नी मोदी गर्ल्स कॉलेज के सभागार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के भजन व दिल्ली से आये हुए कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य व फूलो की होली ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रजलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मलित व्यापारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया व कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री सतपाल सिंह द्वारा एक सुन्दर भजन की प्रस्तुति की। जिसमे श्रोताओं ने नृत्य करते हुए




फूलों वर्षा की। कार्यक्रम में भाजपा विधायक , डा० मंजू शिवाच, बसंत त्यागी भाजपा के जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान सहकारी बैंक के अध्यक्ष कृणवीर सिंह , ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिहँ नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंगल वरिष्ठ नेता सत्येंद्र त्यागी विनोद गोस्वामी चानल लाल आदि आदि मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष प्रदीप बॉस ने आए सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए होली की शुभकामनाओं के साथ ही व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदेश जैन में सभी का आभार व्यक्त किमा ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुज अग्रवाल ने किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष महराम चन्देला, जिला उपाध्यक्ष विजय मालिक इस मौके उपाध्यक्ष नीरज गर्ग, आकाश शर्मा , मुकेश भारद्वाज, ज्ञानेन्द और योगेश सैन, नदीन अग्रवाल, दीपक गेरा, सुबोध जैन पकज मित्तल, अमित गर्ग, नितिन, अजय त्यागी संजय गोपल रामगोपाल लोकर, राजीव शर्मा आदि मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन आईफा के छात्र-छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के ऊपर हो रहे अत्याचार, छेड़छाड़, साइबर अपराध, बेटी तो पराया धन पर होती है आदि कुरीतियों पर बहुत ही सुंदर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया और दर्शकों की वाह वाही लूटी । नुक्कड़ नाटक का आयोजन बी.एफ.ए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया । अवसर पर विशिष्ट अतिथि कुसुम सोनी( अध्यक्ष रानी लक्ष्मीबाई फाउंडेशन मोदीनगर ), डॉ शालिनी नायर( अध्यक्ष महिला पंजाबी संगठन एवं लायंस क्लब मोदीनगर ), आकाश शर्मा( नगर अध्यक्ष भाजपा मोदीनगर ), अशोक चौहान( राष्ट्रपति सम्मानित प्रसिद्ध कलाकार ), नीरज गर्ग( प्रिंसिपल डॉल्फिन पब्लिक स्कूल ), रवि तोमर( प्रसिद्ध व्यापारी ), गौरव गुप्ता( सीईओ महालक्ष्मी मेटल लाइट इंडिया ), मुकेश( संस्कार भारती मोदीनगर ) उपस्थित रहे

सर्वप्रथम आईफा संस्थान की अध्यापिका प्रीति शर्मा ने सभी अतिथियों का परिचय कराया एवं स्वागत किया । इस अवसर पर संस्थान की ओर से सभी अतिथियों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया । कुसुम सोनी ने छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा की और उन्होंने कहा ऐसे नाटक समाज में भी सार्वजनिक स्थान पर होनी चाहिए जिससे समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान का संदेश जाना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा , प्रशासनिक अधिकारी भोतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, प्रशांत झा, शीतल रानी, दीपांशु उपस्थित थे ।

# शोभा चौधरी को मिला नव देवी सम्मान



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नारी शक्ति वुमेन एम्पावर अध्यक्ष शोभा चौधरी को नवदेवी सम्मान से श्री ए. के. शर्मा, माननीय मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्रोत, उत्तर प्रदेश एवं श्री राकेश राठौर 'गुरु' माननीय राज्य मंत्री, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, उत्तर प्रदेश एवं श्री अमृत अभिजात प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य मिशन निदेशालय लखनऊ में प्रदान किया गया। शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकाय में स्वच्छता और उद्यमिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कपड़े के थैले बनाने और प्लास्टिक बैग पर प्रतिबंध लगाने के अभियान,महिलाओं को प्रशिक्षण देने के लिए हर वार्ड में लगाए गए शिविर और गश्त,साथ ही साथ ₹वेस्ट टू बेस्ट₹ बनाने के लिए अपशिष्ट पदार्थों का इस्तेमाल सौंदर्यीकरण, महिलाओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने तथा प्लास्टिक की थैलियों या पॉलीथिन के बजाय कपड़े के थैले या कागज के थैलों का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करने के कारण स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय ने सम्मानित किया।

# महिलाओं के उत्थान के लिए शिक्षा जरूरी : कुलपति



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ₹सशक्त महिला-सशक्त राष्ट्र₹ विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। समस्त विभागों द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका कुलपति ने अवलोकन भी किया। इस अवसर पर स्लोगन पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित हुई और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में बढ़ोत्तरी तभी संभव है जब महिलाएं शिक्षित होंगी। कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण न केवल समाज की प्रगति के लिए जरुरी है बल्कि यह राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जबतक महिलाओं को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलेगा तबतक समाज में वास्तविक बदलाव संभव नहीं है। कुलपति ने कहा कि महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर स्थान देना होगा जिसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। महिलाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपने आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ साधना सिंह ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने का अवसर है, जो उनके अधिकारों और हितों की रक्षा कर सकती हैं। केला रेशा से उत्पाद बनाने के लिए संगीता, पूनम और मूंज व श्रीअन्न से उत्पाद बनाने के लिए विजयलक्ष्मी को प्रशस्ति पत्र देकर को कुलपति ने सम्मानित किया।इस मौके पर कृषि अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह, कुलपति के सचिव डॉ जसवंत सिंह, निदेशक शोध डॉ ए.के गंगवार, निदेशक प्रसार डॉ राम बटुक सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, डॉ डी.नियोगी डॉ सुमन मौर्य सहित अन्य शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज,में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज,में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया ।यह आयोजन सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन हुआ, जिसमें कॉलेज की सभी चार एनएसएस इकाइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस की चारों इकाइयों एवं शिवरंजिनी सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में स्वयंसेवकों को कॉलेज द्वारा गोद लिए गए गाँव संजयपुरी ले जाया गया। वहाँ उन्होंने घर-घर जाकर महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाई। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित किया गया। गाँव से लौटने के बाद, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्राओं ने



महिला सशक्तिकरण पर अपनी रचनात्मकता व्यक्त की। दोपहर के सत्र में मुख्य अतिथियों डॉ. शालिनी नैयर विवेक इंटर कॉलेज, विवेक एजुकेशन कॉलेज और विवेक पब्लिक स्कूल के निदेशक, तथा पंजाबी महिला संगठन की अध्यक्ष ज्योति भी कार्यक्रम में उपस्थित और एवं दर्शना नौटियाल, जो कि एक कोरियोग्राफर हैं, भी मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम मे रजनी नौटियाल, जो एक कोरियोग्राफर थीं और समाज में उल्लेखनीय कार्य कर चुकी थीं, को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कॉलेज की पत्रिका का विमोचन भी मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। उन्होंने कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा, शिक्षकों और एनएसएस समन्वयकों को समाज और शिक्षा में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। इसके बाद, डॉ. शालिनी नैयर ने महिला सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक भाषण दिया, जिसमें उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आकांक्षा सारस्वत, शालू देवी, राखी शर्मा, ऐश्वर्या बहुगुणा एवं शिवरंजिनी सांस्कृतिक क्लब की डॉ. सारिका गर्ग द्वारा किया गया।

# देश को आजाद हुए 78 साल हो गए मगर आजतक गौ हत्या बंद नहीं हुई: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** गौ संरक्षक ज्योतिपीठाधीश्वार शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा की देश को आजाद हुए 78 साल हो गए मगर आजतक गौ हत्या बन्द नहीं हुई। शंकराचार्य शनिवार को मोदीनगर में अराधिका निकुंज में भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई गौ माता की रक्षा के लिए ही हुई थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के जमाने में भी इतनी गौ हत्या नहीं होती थी जितनी बड़ी संख्या में आज हो रहीं हैं। शंकराचार्य ने कहा कि सरकार यदि संविधान के साथ चल रही तो बहुमत की बात माननी चाहिए और गौ हत्या बंद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को आंख खोलनी चाहिए और उन्हें गौ रक्षकों को वोट देनी चाहिए न की गौ कसाईयों को। इसके विरोध में 17 मार्च को दिल्ली रामलीला मैदान में पूरे दिन बैठेंगे। इसके पक्ष में वह माहौल तैयार कर रहे हैं। इस मौके पर पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य देवकीनंदन महाराज,यति नरसिंहानंद महाराज, सतेंद्र त्यागी, पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, भीष्म शर्मा,सुनील गुप्ता, दीपक वत्स, राजेन्द्र शर्मा, सभासद सूबे सिंह, प्रदीप शर्मा, मनोज शर्मा,पप्पन शर्मा व बबलू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अलग अलग सडक हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप घायल

वेलकम इंडिया

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय जनता पार्टी के बूथ प्रमुख की मौत हो गई। कुमारगंज थाना क्षेत्र के मुबारकपुर रसुलपुर लिलहा गांव के रहने वाले रणजीत चौबे शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

रात करीब 2:30 बजे कुमारगंज-बहादुरगंज संपर्क मार्ग पर कृषि विश्वविद्यालय के बीज विधायन संयंत्र के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी प्लैटिना मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल रणजीत को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव



को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे और उनके एक बेटा रक्षित चौबे जो चार वर्ष कि है। उपनिरीक्षक धनीराम वर्मा के अनुसार अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। शव मिलने के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में एक दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना पलिया लोहानी पड़री के पास शाम करीब 7:40 बजे हुई। घायल की पहचान अयोध्या के मिल्कीपुर स्थित ग्राम गंगा सराय निवासी राकेश तिवारी के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुमार पाल मौके पर पहुंचे। घायल राकेश तिवारी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुमार पाल ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रेलर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने महिला पुलिस कर्मियों के बीच जाकर दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कोतवाली बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में महिला पुलिस कर्मियों हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी घोड़के ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर समस्त महिला पुलिस अधिकारी- कर्मियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी। इस दौरान वहां केक काटकर महिलाओं ने एक दूसरे को बधाई देकर महिला दिवस मनाया। महिला दिवस पर एसपी घोड़के ने महिलाओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है। मातृ शक्ति को सलाम करते हुए कहा कि नारी शक्ति का कोई मूल्य नही है।नारी एक अनमोल शक्ति है जो अपने संघर्ष,साहस और समर्पण के लिए जानी जाती है। महिलाएं केवल घर की देखभाल करने वाली नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। इस दिन को मनाते हुए हम महिलाओं के सम्मान में योगदान देने का संकल्प लें और उनकी समानता के लिए काम करें, क्योंकि महिलाओं का सम्मान, समाज की असली प्रगति है।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह,प्रभारी निरीक्षक कैलाश सिंह नेगी सहित वरिष्ठ महिला उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट, मीना रावत, लता मेहता,सहित पुलिस विभाग में तैनात महिला पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# आयोजित थाना समाधान दिवस रहा फीका फरियादियों की संख्या घटी

वेलकम इंडिया

**मिल्कीपुर, (अयोध्या)।** सर्किल मिल्कीपुर के तीनों थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया।जिसमें कुल 18 शिकायतकर्ताओ ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिनमें से एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण मौके पर कराया जा सका।

मिल्कीपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह की अध्यक्षता में थाना दिवस में पीड़ितों की समस्याओ को बाखूबी कोतवाली इनायतनगर में शिकायतों की सुनवाई की।समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी श्रीयस त्रिपाठी,थाना प्रभारी इनायतनगर देवेंद्र पाण्डेय भी रहे मौजूद।जहां क्षेत्र के 11लोगों ने शिकायत की। देवनपरा निवासी विनय कुमार ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए गांव निवासी छोटे लाल के ऊपर आरोप लगाया है कि गांव में चक मार्ग पर सांसद निधि से इंटरलॉकिंग लगाया जा रहा है जिस पर विपक्षी छोटेलाल वह उनके घर की महिलाएं इंटरलॉकिंग लगाने में बाधा पैदा कर रही है जिसे लगवाना नितांत आवश्यक है।

वहीं नेवली निवासी भगवान शरण ने अपनी शिकायती प्रार्थना पत्र में गांव निवासी नोहरी पुत्र जग्गू पर आरोप लगाया है कि सरकारी खंजा लगा है जिस पर नोहरी पुत्र जग्गू ने सरकारी खड़ंजे पर तूने गडकर छप्पर रख लिया है जिससे आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जो छप्पर हटाना निशांत आवश्यक है। थाना कुमारगंज में तहसीलदार मिल्कीपुर सुमित सिंह व थानाप्रभारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया जहां दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए।थाना खंडासा में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुई परंतु एक भी शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण नहीं किया जा सका।थाना खण्डासा में थाना प्रभारी संदीप सिंह ने सुनी जन शिकायते थाना दिवस रहा फीका।



# अनिल कुमार-दशम, जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में लगभग 1.56 लाख वादों का निस्तारण





**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय परिसर, गाजियाबाद में श्रीमान अनिल कुमार-दशम, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें श्री गौरव शर्मा, नोडल अधिकारी, श्री हीरा लाल अपर जिला जज-कोर्ट सं०-2. श्री नीरज गौतम, विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट / प्रभारी अधिकारी नजारत विभाग एवं श्री कुमार मिताक्षर, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के सुलह योग्य / शमनीय 75,951 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें अर्थदण्ड से दण्डनीय मामलों में अंकन 1,62,78,818/- रुपए अर्थदण्ड आरोपित कर वसूल किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में वैवाहिक एवं भरण पोषण सम्बन्धी 193 मामलों का निस्तारण परिवार न्यायालय द्वारा सुलह समझौते के आधार पर हुआ। लघु प्रकृति के मामलों में लेबर एक्ट, वाणिज्य अधिनियम, 26 यू०पी०एक्ट, पुलिस अधिनियम, बाट माप अधिनियम, मोटर वाहन अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद अधिनियम आदि से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से सम्बन्धित कुल 73 मामलों का निस्तारण करते हुए पक्षकारान को 1,74,75,500/- रुपए अदा किये जाने के आदेश पारित किये गये। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न बैंकों के लोन रिकवरी/बी.एस.एन.एल. से सम्बन्धित कुल 285 मामलों का निस्तारण किया गया। इसमें 3,54,88,455/- रुपए की धनराशि वसूली के आदेश पारित किये गये।

राजस्व न्यायालयों से प्राप्त सूचना के अनुसार राजस्व सम्बन्धी 80,154 मामलों का निस्तारण किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वेव सिटी सोसाइटी के ड्रीम हाउस में किया गया प्रोग्राम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जगह-जगह महिलाओं के सम्मान हेतु प्रोग्राम के आयोजन किए गए हैं इसी क्रम में वेव सिटी के ड्रीम हाउस में एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के सम्मान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाएं और बच्चों द्वारा मनोरंजन के लिए डांस, मिस ड्रीम हाउस और फूड कंपटीशन के साथ फैशन शो का भी आयोजन रखा गया। बीजेपी लीडर रीता गौड़ ने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं को सम्मान के साथ सुरक्षा भी मिलनी चाहिए और इसके लिए हर मां-बाप को अपने बच्चों को महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा के लिए जागरूक करना होगा। अगर बच्चों को बचपन से ही महिला सम्मान करने और उनका आदर करने के लिए बोला जाएगा तो वह कभी भी महिलाओं के साथ ना तो कुछ गलत करेंगे और ना ही गलत होने देंगे। महिला सम्मान दिवस केवल एक दिन का ही नहीं बल्कि हर दिन महिला सम्मान दिवस की तरह माना जाना चाहिए सिर्फ एक दिन ही महिला सम्मान दिवस पर औपचारिकता पूरी करके महिलाओं के सम्मान में प्रोग्राम का आयोजन करके कुछ नहीं होगा। इसके लिए समाज के सभी व्यक्तियों को अपनी सोच बदलकर महिलाओं के सम्मान और महिलाओं को बराबर का अधिकार देने के बारे में संकल्प करना पड़ेगा। इस मौके पर ड्रीम होम नारी शक्ति की सदस्य अंजली रावत, बबीता , स्वाति भटनागर, शिल्पी, चीफ गेस्ट वंदना भारद्वाज पिंक बूथ इंचार्ज, बीजेपी लीडर रीता सिंह गौड़ , रूसल शर्मा, विनीता त्यागी, नीरू कंसल और डॉ ऐश्वर्या आदि मौजूद रही।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले 144 व्यक्तियों पर हुई कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**



**साहिबाबाद** ।ट्रांस हिंडन जॉन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थाना क्षेत्रों में कल शाम को 7 से लेकर 10 बजे तक चलाए गए अभियान के अंतर्गत 144 लोगों के खिलाफ पुलिस ने 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार ट्रांस हिंडन जॉन गाजियाबाद कमिश्नरेट के एसीपी साहिबाबाद, इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन के सभी थाना अध्यक्ष और पुलिस चौकी इंचार्ज ने मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में सघन अभियान चलाया, जिसमें सार्वजनिक स्थान और शराब के ठेके के आसपास शराब पीने वाले 144 लोगों को थाने लाकर उनका मेडिकल कराया गया और 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। इस मामले में थाना इंदिरापुरम क्षेत्र से 22, कौशांबी से 30, खोड़ा से 17 साहिबाबाद से 19, लिंक रोड से 15 ,शालीमार गार्डन से 18 और टीला मोड़ क्षेत्र से 23 सहित कुल 144 व्यक्तियों के खिलाफ 34 पुलिस अधिगम के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई गई।

# लॉ कॉलेज के छात्रों ने माननीय न्यायाधीशों से जाना राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का महत्व

**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद**। जिला न्यायालय गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का दौरा विभिन्न लॉ कॉलेज के छात्रों द्वारा भी किया गया और उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत में वाद निस्तारण प्रक्रिया एवं इसके महत्व के बारे में जानने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होने न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और सामान्य जनता आदि के भी अनुभव को जाना और समझा।

माननीय जिला जज श्री अनिल कुमार (दशम), अपर जिला जज माननीय श्री हीरा लाल, अपर जिला जज माननीय श्री मुकेश सिंह, अपर जिला जज माननीय श्री प्रवेंद्र कुमार अपर जिला जज माननीय श्री नीरज गौतम, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत माननीय श्री गौरव शर्मा, अपर जिला जज माननीय श्री सौरभ गोयल एवं सचिव 'जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय श्री कुमार मिताक्षर आदि ने लोक अदालत के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। जिससे बच्चों ने जाना की लोक अदालत में किन-किन वादो का निस्तारण किया जाता है, साथ ही न्यायपालिका के इंफ्रास्ट्रक्चर आदि के बारे में भी जानकारी प्रदान की। माननीय जिला जज श्री अनिल कुमार (दशम) ने कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए इस तरह के दौरे उपयोगी साबित होंगे। उन्हें लोक अदालत की कार्य प्रणाली और इसके महत्व को समझने में मदद मिलेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एनसीआरटीसी ने आयोजित की इंटेरेक्टिव कार्यक्रमों की श्रृंखला



**वेलकम इंडिया**

- ट्रेन में महिलाओं के साथ खेले गए क्विज गेम्स, बाँटी चॉकलेट्स, शॉटपुट में गोल्डमेडलिस्ट डॉ. ऋचा सूद ने छात्राओं को दिया सफलता का मंत्र

**गाजियाबाद / नई दिल्ली** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में महिलाओं की भूमिका को सराहने एवं इसे बेहतर बनाने के उनके अथक एवं निरंतर प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर और एनसीआरटीसी मुख्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में आयोजित गतिविधियों में महिलाओं और छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के जश्न को यादगार बनाया। इस खास मौके पर नमो भारत ट्रेनों के महिला कोच को गुब्बारों से सजाया गया और ट्रेन में सफर कर रही महिला यात्रियों के साथ क्विज गेम खेले गए। इन गेम्स में जीतने वाली महिलाओं को एनसीआरटीसी की ओर से गिफ्ट्स देकर सम्मानित किया गया। इस पल को और भी यादगार और खास बनाने के लिए ट्रेन में सफर कर रही महिलाओं को चॉकलेट्स भी दी गईं। महिला यात्रियों ने एनसीआरटीसी द्वारा आयोजित इन गतिविधियों की सराहना की और उनके लिए इस दिन को और खास बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही नमो भारत ट्रेनों का परिचालन करने में अहम भूमिका निभा रहीं महिला कर्मियों ने साहिबाबाद स्टेशन पर स्थित क्रू कंट्रोल सेंटर में केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। वहीं गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन पर आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता ग़ाज़ियाबाद की मशहूर एथलीट डॉ. ऋचा सूद ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम में हिस्सा ले रही कॉलेज छात्राओं और शिक्षिकाओं से अपने अनुभव, खेल जगत में अपनी यात्रा तथा अपने अकादमिक उपलब्धियाँ साझा की। छात्राओं एवं उनकी शिक्षिकाओं ने उनसे मानसिक तनाव, फियर ऑफ फेलियर, बेहतर हेल्थ और अन्य जिज्ञासाओं से जुड़े कई सवाल किए और उनके अनुभवों से प्रेरणा ली। इसके साथ ही छात्राओं ने डॉ सूद के साथ नमो भारत ट्रेन में यात्रा का आनंद भी लिया। वहीं एनसीआरटीसी मुख्यालय गति-शक्ति भवन, आईएनए, दिल्ली में भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक श्री शलभ गोयल ने महिला कर्मियों से मुलाकात की और उनके सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, ह्लमहिलाएँ न सिर्फ एनसीआरटीसी एवं नमो भारत परियोजना की आधारशिला हैं ।

# महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया**






**गाजियाबाद**। महानगर अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा जी के नेतृत्व में एवं महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी जी के दिशा निदेर्शानुसार आज 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भाजपा महानगर की ओर से विजय नगर स्थित उत्सव भवन में महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया ह्न जिसमें समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली महिलाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही एनजीओ संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री जितिन प्रसाद जी रहे, कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष एवं शहर विधायक श्री संजीव शर्मा जी, महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी, सांसद अतुल गर्ग, प्रदीप चौधरी, सविता त्यागी, भक्ति सिंह जी चंदेला, दीप्ति अरोड़ा, सुषमा गंगवार, निशा चौहान, पूनम गुप्ता, शिरोमणि त्यागी, किरण सिंह, पायल खत्री, प्रमिला चौधरी, परमजीत जी, ममता जुगरान, उमा गोयल, मीना गांधी, शीतल अरोड़ा, सारिका शर्मा, निभा श्रीवास्तव, रजनी कश्यप, नीलम सिंह, पूनम सिंह पार्षद, सुमन सती, शिल्पा चौधरी पार्षद, देवनारायण शर्मा, राजेश चतुवेर्दी, सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल, नीरज चौहान जी, नेहा जैन, सीमा सिंह, देवनारायण शर्मा पार्षद, पवन शर्मा मंडल अध्यक्ष विजय नगर, प्रवीण पाठक, देवेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष, कविता सिरोही, शिल्पा जैन, रुचि गर्ग, दीप्ति चौहान, अजय चोपड़ा, छाया त्यागी पार्षद सहित सब उपस्थित रहे। सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों ने इस महिला दिवस कार्यक्रम में अपनी टीम के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर इस कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाया। साथ ही समाज में महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाली कुछ महिलाओं को सम्मानित किया गया उनके नाम- रीमो सक्सेना, रीना त्यागी, नीलम श्रीवास्तव, निभा श्रीवास्तव, शिल्पा जैन, डॉ संगीता, मीता जी, डॉ रश्मि, डॉ स्मृति शर्मा, निशि त्यागी, कीर्ति शर्मा। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती सुषमा गंगवार महानगर महिला मोर्चा मंत्री रहीं।



# राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरफ आठवीं वाहिनी में चतुर्थ वार्षिक प्रशिक्षण एवं ऑपरेशन सम्मेलन आयोजित

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद**। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) 8वीं वाहिनी में चतुर्थ वार्षिक प्रशिक्षण एवं आपरेशनल सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनडीआरएफ के महानिदेशक पियूष आनंद रहे। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण एवं ऑपरेशनल संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श कर बल के लिए आधुनिक विषयों पर आधारित सीएसआर एवं एमएफआर पुस्तकों का विमोचन किया। उन्होंने एनडीआरएफ द्वारा उपयोग में लाए जा रहे उपकरणों, प्रशिक्षण प्रक्रियाओं तथा अन्य संसाधनों का भी अवलोकन किया, जिससे भविष्य में संभावित घटनाओं से निपटने के लिए बेहतर तैयारियां की जा सकें। इस दौरान बल की विभिन्न वाहिनी से आए रेस्कुअर्स द्वारा अपने स्तर पर निर्मित नवीन उपकरणों को तैयार कर प्रदर्शित किया गया तथा देश के विभिन्न स्थानों से आई प्रतिष्ठित फर्मों ने अपने-अपने नवीनतम तकनीकी आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की। ये उपकरण आपदा प्रबंधन में बल द्वारा बचाव और राहत कार्यों में सहायता प्रदान करने के लिए विकसित किए गए हैं। यह कार्यक्रम आपदा प्रबंधन में नवाचार और सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे एनडीआरएफ और भी प्रभावी तरीके से संकट के समय अपनी सेवाएं प्रदान कर सकेगा। कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक पियूष आनंद ने बल के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। सभी कर्मियों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए जागरूक किया गया।